संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक-31 सोमवार ,02 दिसम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# ईसी के फैसले को एससी में चुनौती

### » मतदान केंद्रों पर वोटर्स की संख्या बढ़ाने का मामला... सोमवार को सुनवाई...




**नई दिल्ली,01 दिसम्बर 2024(ए)।** सोमवार को सुप्रीम कोर्ट उस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें चुनाव आयोग द्वारा जारी दो आदेशों को चुनौती दी गई है। इस याचिका में चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें भारत में प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में हर मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाई गई है। ये जनहित याचिका इंदु प्रकाश सिंह ने शीर्ष न्यायालय में दायर की है।

दरअसल, चुनाव आयोग द्वारा अगस्त 2024 में दो नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इस आदेश के अनुसार देश के प्रत्येक मतदान केंद्र पर वोटरों की संख्या 1200 से बढ़ाकर 1500 करने का आदेश दिया था। इसी आदेश को चुनौती देने के लिए शीर्ष न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है।

### याचिका में कही गई ये बात

इंदु प्रकाश सिंह के वकील अभिषेक सिंघवी ने इस जनहित याचिका को लेकर कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्रों पर 1200 से 1500 मतदाताओं की संख्या बढ़ाने से वंचित समुदाय की मतदान में भागीदारी कर होने की संभावना है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब किसी भी बूथ पर मतदाताओं की संख्या ज्यादा होगी तो मतदान में ज्यादा वक्त लगेगा। वहीं, सिंघवी ने आगे कहा कि मतदान केंद्र पर लंबी कतारें और इंतजार वोटर्स के लिए मुश्किलें पैदा कर सकता है।

### पीठ ने कही ये बात

याचिकाकर्ता के तर्क पर पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग चाहता है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करें और ईवीएम के इस्तेमाल से समय की बचत होती है। आयोग मतदान के समय को कम करने के लिए ज्यादा ईवीएम का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है।

## आगामी चुनावों पर पड़ेगा असर

इस याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग के फैसले से बिहार और दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं पर असर पड़ेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी का कहना है कि एक वोट डालने में 1 सेकंड का समय लगता है और इसलिए एक ईवीएम के साथ एक मतदान केंद्र पर एक दिन में 660 से 490 लोग अपना वोट डाल सकते हैं। औसत मतदान प्रतिशत 65.70 प्रतिशत होने पर विचार करते हुए, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि 1,000 मतदाताओं को स्वीकार करने के लिए तैयार एक मतदान केंद्र पर लगभग 650 मतदाता आते हैं। जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि देश में ऐसे बूथ भी हैं जहां मतदाताओं का मतदान 85-90 प्रतिशत के बीच है। ऐसी स्थिति में, लगभग 20 प्रतिशत मतदाता या तो मतदान के घंटों के बाद कतार में खड़े रहेंगे या लंबे इंतजार के कारण अपने मताधिकार का प्रयोग करना छोड़ देंगे। प्रगतिशील गणराज्य या लोकतंत्र में दोनों में से कोई भी स्वीकार्य नहीं है।



## शिंदे बोले,महाराष्ट्र का सीएम का ऐलान आज

### » दावा...महायुति में मतभेद नहीं,लेकिन गृह मंत्रालय के सवाल पर चुप्पी साधी

**मुंबई,01 दिसम्बर 2024(ए)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आए 8 दिन बीत चुके हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को लेकर स्थित अभी भी साफ नहीं हुई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को कहा कि नई सरकार का शपथ ग्रहण 5 दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री मोदी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे दो दिन अपने पैतृक गांव सातारा में रहे। शनिवार को उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। मुंबई से आए डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। अब वे ठीक हैं। रविवार को शिंदे सातारा के एक मंदिर गए और कुछ देर बाद मीडिया से बातचीत भी की। उन्होंने कहा, मैं अब ठीक हूं। व्यस्त चुनावी कार्यक्रम के बाद मैं यहां आराम करने आया था। महायुति में कोई मतभेद नहीं है। सीएम पर फैसला पीएम मोदी और अमित शाह लेंगे। 2 दिसंबर को महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री तय होगा। गृह मंत्रालय पर खींचतान को लेकर उनसे तीन बार सवाल किया गया, लेकिन शिंदे ने जवाब नहीं दिया। शाम को वे सतारा से मुंबई पहुंचे।सूत्रों के मुताबिक 3 दिसंबर को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी।

## देश की संक्षिप्त खबरें

### जनसंख्या को लेकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने दिया बड़ा बयान



**नई दिल्ली,01 दिसम्बर 2024(ए)।** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या बढ़ोतरी की दर में गिरावट (प्रजनन दर) पर चिंता जताई है। एक कार्यक्रम के दौरान संघ प्रमुख ने कहा कि जनसंख्या बढ़ोतरी की दर में गिरावट चिंता का विषय है।. उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकी नियम करता है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए। भागवत ने कहा, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है. वह समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है। इस तरह से, कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए। जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए।

### चक्रवात फेंगल के चक्कर में जब लैंडिंग के दौरान लड़खड़ाया विमान



**नई दिल्ली,01 दिसम्बर 2024(ए)।** चेन्नई एयरपोर्ट पर तूफान फेंगल के कारण एक विमान की लैंडिंग असफल रही। विमान को रनवे पर ही दोबारा टेक ऑफ करना पड़ा. तेज हवा और रनवे पर जमा पानी के कारण विमान को लैंड करने में कठिनाई हुई और उसे दोबारा उड़ान भरनी पड़ी. ये घटना तूफान के चलते हुई है.। पायलट की कुशलता ने बड़ी दुर्घटना से बचाया।

### तेरा सिर कलम कर देंगे

**अजमेर,01 दिसम्बर 2024(ए)।** अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में संकट



मोचन महादेव मंदिर विवाद मामले में याचिकाकर्ता और हिंदी सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता को जान से मारने की धमकी वाले फोन कॉल आए हैं। विष्णु गुप्ता को 'सिर कलम करने' की धमकी दी गई है। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है।

# जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा

### सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमत में की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली,01 दिसम्बर 2024(ए)।** नया महीना शुरू होते ही गैस सिलेंडर की कीमतें एक बार फिर बढ़ गई हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर वित्तीय दबाव बढ़ गया है। इंडियन ऑयल ने 19 किलो वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 16.50 रुपये की बढ़ोतरी की है, जिससे दिल्ली में कीमत 1818.50 रुपये हो गई है। हालांकि, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम यथावत रहने से थोड़ी राहत है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 808 रुपये बनी हुई है, यह कीमत अगस्त 2024 से स्थिर है। बढ़ती ऊर्जा मांग के कारण तेल कंपनियों ने गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं, जिससे महंगाई का बोझ बढ़ गया है। इंडियन ऑयल की रेट लिस्ट के मुताबिक, 1 दिसंबर 2024 से 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 16.50 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ गई है। यह बढ़ोतरी वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों पर लागू होती है, जिनका उपयोग आमतौर पर मिठाई की दुकानों जैसे व्यवसायों द्वारा किया जाता है। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### प्रमुख शहरों में गैस सिलेंडर की कीमत

दाम बढ़ने के बाद प्रमुख शहरों में गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ गई है। दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1802 रुपये से बढ़कर 1818.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है. याद दिला दें कि पिछले महीने (नवंबर) इस सिलेंडर की कीमत 62 रुपये बढ़ाई गई थी। अक्टूबर में यह 1740 रुपये थी और नवंबर तक यह 1802 रुपये तक पहुंच गई। इससे पहले, सितंबर 2024 में कीमत 1691.50 रुपये प्रति सिलेंडर, अगस्त में 1652.50 रुपये और जुलाई 2024 में 1646 रुपये थी। यह पिछले छह महीनों में वाणिज्यिक सिलेंडर की लगातार कीमत में वृद्धि का प्रतीक है।

## अब ट्रेन में कंबल और बेडशीट की सफाई की चिंता खत्म

### रेलवे ने उठाया बड़ा कदम


**नई दिल्ली,01 दिसम्बर 2024(ए)।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों के लिए सफर को और अधिक स्वच्छ और आरामदायक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ट्रेनों में दी जाने वाली चादर और कंबलों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर यात्रियों की बढ़ती चिंताओं के बीच, रेलवे ने यूवी रोबोटिक सैनिटाइजेशन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग शुरू करने की घोषणा की है।

### हर ट्रिप के बाद होगी कंबलों की यूवी सैनिटाइजेशन

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंचार अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार, अब जम्मू और डिब्रूगढ़ राजधानी ट्रेनों में कंबलों को हर राउंड ट्रिप के बाद यूवी रोबोटिक सैनिटाइजेशन प्रक्रिया से स्वच्छ किया जाएगा। यह प्रक्रिया कंबलों को बैक्टीरिया और कीटाणुओं से मुक्त करने के लिए अत्यधिक प्रभावी मानी जाती है।

### साफ-सुथरा लेनिन देने पर जोर

रेलवे ने जानकारी दी कि ट्रेन में उपयोग होने वाले लेनिन (चादर, कंबल, तकिए) की सफाई हर उपयोग के बाद विशेष रूप से मैकेनिकल लॉन्ड्री में की जाती है। यह प्रक्रिया पूरी निगरानी में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से होती है और अधिकारियों द्वारा नियमित जांच भी की जाती है। सफाई और जांच के बाद ही यात्रियों को लेनिन प्रदान किया जाता है।



### राजधानी और तेजस ट्रेनों में पायलट प्रोजेक्ट

उत्तर रेलवे ने बताया कि राजधानी और तेजस जैसी विशेष ट्रेनों में नए गुणवत्ता मानकों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत लागू किया गया है। इसमें बेहतर फैब्रिक और लंबी-चौड़ी चादरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह बदलाव यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाएगा और उनकी संतुष्टि को बढ़ाएगा।

### यात्रियों को मिलेगा बेहतर अनुभव

इस नई पहल से यात्रियों को पहले से अधिक स्वच्छ और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। रेलवे का यह कदम न केवल सफाई को सुनिश्चित करेगा, बल्कि यात्रियों की संतुष्टि और विश्वास को भी मजबूत करेगा।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में अकेले उतरेगी आप



**नई दिल्ली,01 दिसम्बर 2024(ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। इस बीच आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान कर दिया है।उन्होंने कहा कि दिल्ली का विधानसभा चुनाव आप अकेले लड़ेगी और किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी।हरियाणा और महाराष्ट्र में के बाद केजरीवाल के इस ऐलान को विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए एक और झटका माना जा रहा है। हरियाणा में भी ऐन वक्त पर आप-कांग्रेस का गठबंधन नहीं हुआ था।हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी आप और कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो सका था। तब राहुल गांधी ने खुद गठबंधन की पहल की थी और दोनों पार्टियों के बीच कई दौर की वार्ता भी हुई थी, लेकिन अंत में सहमति नहीं बन सकी।इसके बाद दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था।

## हमारे लिए मर चुकी है बेटी...तेरहवीं करने का निर्णय

**मंदसौर,01 दिसम्बर 2024(ए)।** मध्य प्रदेश के मंदसौर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक युवती ने जब प्रेमी के साथ प्रेम विवाह कर लिया तो परिवार गुस्सा हो गया। इसके बाद युवती के भाई और पिता ने तेरहवीं की रस्में पूरी कर दी. मामला जिले के शक्करखेड़ी गांव का है। जहां उमेश पाटीदार की बहन जिसका नाम भगवती है, वहीं जिले के भीतितरोद गांव के दीपक पाटीदार नामक युवक के साथ चली गई और प्रेम विवाह कर लिया। इस बात की



सूचना जब परिवार वालों को लगी तो यह बात परिजनों को नागवार गुजरी। जिसके बाद भाई और पिता ने 1 दिसंबर को सुबह 9 बजे घर में युवती की फोटो सामने रखकर तेरहवीं की रस्में पूरी की.किसी के मरने के बाद जिस तरह तेरहवीं का आयोजन किया जाता है, ठीक वैसे परिवार वालों ने युवती की रस्में अदा की। परिवार वालों ने करीब 5 दिन पूर्व गोरनी पत्रिका के नाम से एक कार्ड छपवाया और रिश्तेदारों में भी वितरीत किया। इतना ही नहीं यह कार्ड सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ था। आपको बता दें कि मंदसौर जिले में हाल ही में यह दूसरा मामला है।

# देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड में पूर्व विधायक रामबाई के पति,देवर सहित 25 को उम्रकैद

**भोपाल,01 दिसम्बर 2024(ए)।** एमपी की दमोह जिले में आने वाले हटा नगर के बहुचर्चित देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड मामले में एडीजे कोर्ट ने 26 में से 25 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक आरोपी अभी भी फरार है। फैसला सुनाए जाने के दौरान हटा कोर्ट को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। सभी आरोपियों को आईपीसी की धारा 302/149 में आजीवन कारावास के साथ 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा, धारा 323/149 आईपीसी में एक-एक साल का कारावास एवं पांच-पांच सौ रुपये जुर्माना एवं धारा 148 में 3-3 वर्ष का कारावास एवं एक-एक हजार रुपये अर्थ दंड की सजा से दंडित किया गया है। साल 2018 में दमोह जिले की पथरिया विधानसभा से जिला पंचायत की उपाध्यक्ष रामबाई परिहार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधायक चुनी गई थीं।



चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद हटा निवासी देवेंद्र चौरसिया ने तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ की सभा में बहुजन समाज पार्टी का साथ छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके बाद 2019 में देवेंद्र चौरसिया के गिट्टी क्रेशर प्लांट पर 19 लोगों ने उन पर कातिलाना हमला कर उनकी हत्या कर दी थी। वहीं उनके बेटे सोमेश चौरसिया को मरणासन्न हालात में छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने देवेन्द्र के बेटे सोमेश चौरसिया के मृत्यु कालिक कथनों के आधार पर पथरिया की तात्कालीन विधायक रामबाई के पति गोविंद परिहार, उनके देवर कौशलेंद्र उर्फ चंदू परिहार, भतीजे गोलू परिहार सहित तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल के बेटे और हटा जनपद अध्यक्ष इंद्रपाल पटेल समेत 19 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया था। इसके बाद कोर्ट में चले मुकदमे में आरोपियों की संख्या 25 तक पहुंच गई। जिनमें राजा डॉन, गोलू ठाकुर, बलवीर ठाकुर, अनीश खान, मोनू तंतुवाय, अनीश पठान, अमजद पठान, श्रीराम शर्मा, लोकेश पटेल, सोहेल पठान, शाहरुख खान, भान सिंह, आकाश सिंह परिहार, संदीप सिंह तोमर, खूबचंद, विक्रम सिंह, सुकेन्द्र अठया, चंदू सिंह, मजहर खान, किशन, सोहेल खान, फुकलू परिहार, शैलेंद्र तोमर, गोविंद सिंह ठाकुर शामिल है।

## खेलते-खेलते बच्ची को आया हार्ट अटैक

**अलीगढ़,01 दिसम्बर 2024(ए)।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से आम इंसान ही नहीं बल्कि डॉक्टर्स भी दंग रह गए। दरअसल, घर में खेलते-खेलते 8 साल की मासूम को हार्ट अटैक आ गया और वह जिंदगी से जंग हार गई। सुनकर थोड़ा अजीब जरूर लग रहा है, लेकिन यह सच है। यह घटना अलीगढ़ के छर्रा थाना क्षेत्र के लोधी नगर इलाके की है जहां बच्ची रात में अपने घर में खेल रही थी। तभी अचानक से उसके बैचेनी शुरू हो गई।

सीने में तेज दर्द उठा तो बच्ची ने घरवालों को बताया। घरवालों को लगा कि खेलने की वजह से उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही होगी। इसके बाद परिजनों ने दीक्षा को जमीन पर लेटाया और सीने को थोड़ा दबाया। जब इससे भी दीक्षा ठीक नहीं हुई तो उसके चेहरे पर पानी के छींटे मारे गए, लेकिन इसके बावजूद उसकी हालत ठीक होने की जगह और बिगड़ती चली गई। बच्ची का हालत को बिगड़ते देख घरवाले उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, तब



तक वह बेहोश हो चुकी थी। जैसे ही परिजन अस्पताल पहुंचे, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस घटना के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई. पुलिस भी मौके पर पहुंची।. फिलहाल शव का पोस्टमार्टम किया गया। . डॉक्टर्स जांच कर यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर बच्ची को हुआ तो हुआ क्या? हार्ट अटैक की वजह से बच्ची की जान गई है या फिर कोई और वजह है।


जब कोरोनरी धमनी में ऐंठन या अचानक संकुचन आता है तो हृदय की मांसपेशियों में ब्लड का फ्लो रुक जाता है और इसकी वजह से हार्ट अटैक आता है। चीनी, नमक या वसा का ज्यादा सेवन दिल के दौरे और स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाता है।

## संपादकीय

### पुतिन की वचन बद्धता हो गयी खत्म

रूस ने अपनी तरफ से परमाणु अस्त्र ना दागने की वचनबद्धता खत्म कर दी है। इसकी जगह अब प्रावधान किया है कि जब रूस नाटो के हमलों से खुद को खतरे में पाएगा, वह अपनी तरफ से परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा। इस हफ्ते की दो घटनाओं ने तीसरे विश्व युद्ध को दुनिया के और करीब ला दिया है। पहले अमेरिका में निवर्तमान जो बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ एटीएसीएमसी मिसाइलों के इस्तेमाल का अधिकार दे दिया। उसकी प्रतिक्रिया में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने देश का परमाणु अस्त्र सिद्धांत बदलने के आदेश पर दस्तखत कर दिए। अमेरिका ने जब इन मिसाइलों की सप्लाई यूक्रेन को की थी, तभी पुतिन सरकार रूस की संसद ड्यूमा से परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन का प्रस्ताव पारित करा लिया था। एटीएसीएमसी अति-आधुनिक मिसाइलें हैं, जिनसे दुश्मन को भारी क्षति पहुंचाई जा सकती है। रूसी विशेषज्ञों के मुताबिक इन मिसाइलों को संचालित करने की क्षमता यूक्रेन के सैनिकों में नहीं है, इसलिए इन्हें चलाने के लिए विशेषज्ञ सैनिक भी नाटो के सदस्य देशों से भेजे गए हैं।पुतिन ने कहा था कि इन मिसाइलों से हमले का मतलब नाटो सेनाओं की यूक्रेन में सीधी भागीदारी होगी, जिससे पौने तीन साल से जारी इस जंग का स्वरूप बदल जाएगा।तब रूस यह मानेगा कि उसकी सीधे नाटो से जंग चल रही है। इस क्रम में नाटो के हर सदस्य देश उसके निशाने पर होंगे। परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन के तहत रूस ने अपनी तरफ से परमाणु अस्त्र ना दागने की वचनबद्धता खत्म कर दी है।इसकी जगह अब प्रावधान किया है कि जब रूस नाटो के हमलों से खुद को खतरे में महसूस करेगा, वह अपनी तरफ से परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेगा। इस तरह यूक्रेन युद्ध ने बेहद गंभीर और खतरनाक रूप ले लिया है।राहत की बात सिर्फ यह है कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टीम ने एटीएसीएमसी मिसाइलों के इस्तेमाल की इजाजत देने के बाइडेन प्रशासन के निर्णय की आलोचना की है। ऐसे में यह संभव है कि कोई अत्यंत खतरनाक कदम उठाने से पहले रूस अगले 20 जनवरी को ट्रंप के ह्वाइट हाउस में प्रवेश का इंतजार करे।ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध रोकने का इरादा जताया हुआ है। वे अपने इस चुनावी वादे पर कायम रहे, तो दुनिया महाविनाश से बच जाएगी। वरना, संभावित स्थितियों की कल्पना भी भयावह लगती है।

### ट्रेन



ट्रेन में सफर करना,
बहुत अच्छा लगता हैं!
नए नए लोगों से,
रोज मुलाकात होता हैं!
ट्रेन स्पीड में चलता हैं,
समय की बचत करता हैं!
ट्रेन में खाने पीने का,
सामान उपलब्ध रहता हैं!
ट्रेन में सफर करते समय,
सावधानी बरतना हैं!
चोर डाकू लुटेरों से,
बचके हमें रहना हैं!
जनरल डिब्बे में सदा,
भीड़ भाड़ होता हैं!
सीट बुकिंग करके हमें,
आराम के साथ जाना हैं!



**कृष्णा चौहान**
अमेरी, तह.-बरमकेला
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़( छ.ग. )

# जीत और गठबंधन की मृगमरीचिका में आखिर कब तक भटकेगी कांग्रेस ?

***माना कि सत्ता प्राप्ति के लोभ में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन यानी यूपीए/महागठबंधन की सोच तो सही है, लेकिन इनके इशारे पर कांग्रेस संगठन को हांकना कतई सही नहीं है। कांग्रेस इससे इंकार कर सकती है, लेकिन वह आज इसी की पूरी सियासी कीमत अदा कर रही है...***

कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका देशव्यापी जनाधार है। लेकिन वह जीत और गठबंधन की मृगमरीचिका में आखिर कबतक भटकेगी, यह एक यक्ष प्रश्न है? आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे उसकी जीत कितना मुकम्मल कहलाएगी और स्थायी बन पाएगी, यह उससे भी ज्यादा विचारणीय पहलू है! वैसे भी जब कांग्रेस विभिन्न महत्वपूर्ण राज्यों में क्षेत्रीय दलों की वैशाखी ढूंढ़ती है या फिर मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो मुझे इसके रणनीतिकारों पर तरस आती है।

ऐसा इसलिए कि मैंने भू-जमींदारी देखी है, जहां पर लोग अपनी जमीनें ठेके या बंटाईदारी पर देकर अनाज और पैसे दोनों लेते हैं। ठीक उसी तरह से आज कांग्रेस के रसूखदार और धन्नासेठ नेता पार्टी संगठन में पद और चुनावी टिकट देने के वास्ते वोट और पैसा दोनों लेते/लिवाते हैं, यह जानते हुए भी कि सामने वाला न तो उनका जनाधार बढ़ा पाएगा और न ही चुनाव जीत/जीतवा पाएगा। ऐसा वो सिर्फ इसलिए करते हैं कि सामने वाला अमीर है, वफादार है, पिछलग्गू भर है या फिर निहित समीकरण वश किसी ने उसकी सिफारिश की है। बेशक कुछ अपवाद भी हो सकते हैं, लेकिन वही जिनके नेहरू-गांधी परिवार से ठीकठाक सम्बन्ध हैं।

अब बात पते की करते हैं। जैसे एक शातिर बंटाईदार अपने भूस्वामी की भूमि पर भी कब्जा कर लेता है और इसमें जब वह असफल होता है तो जमीन मालिक से कम कीमत में उसकी रजिस्ट्री करवाना चाहता है। अनुभवहीन भूस्वामियों को ऐसा करते हुए भी देखा सुना है। ठीक इसी प्रकार लालू प्रसाद और स्व. मुलायम सिंह यादव जैसे नवसियासी बटाईदारों ने कांग्रेस के साथ किया और आज क्षेत्रीय सियासी जमींदार बन बैठे हैं। ऐसा इसलिए सम्भव हो सका, क्योंकि निहित स्वार्थवश पीवी नरसिम्हाराव यही चाहते थे! उनके तिकड़म को सोनिया गांधी नहीं समझ सकीं!

वहीं, आज जब राहुल-प्रियंका गांधी की कांग्रेस की रीति नीति देखता हूँ तो इनकी राजनीतिक जमींदारी के हश्र को महसूस भी करता हूँ। कांग्रेस माने या न माने, लेकिन समाजवादी, वामपंथी और राष्ट्रवादी सियासी जमींदारों ने उसकी राजनीतिक जमींदारी को क्षत-विक्षत करने में अहम भूमिका निभाई है और हैरत की बात यह है कि वह समझ नहीं पाई और नादान बनी रही। जबकि इसके खिलाफ ठोस और जमीनी रणनीति बनानी चाहिए। जैसे कि उसके बाद जन्मी भाजपा ने किया है।

माना कि सत्ता प्राप्ति के लोभ में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन यानी यूपीए/महागठबंधन की सोच तो सही है, लेकिन इनके इशारे पर कांग्रेस संगठन को हांकना कतई सही नहीं है। कांग्रेस इससे इंकार कर सकती है, लेकिन वह आज इसी की पूरी सियासी कीमत अदा कर रही है। आज वह सत्ता में नहीं है, फिर भी उन्हीं लोगों से सहारा ढूंढ रही है, जो उसकी सियासी पतन के लिए कसूरवार हैं। चूंकि मैंने एआईसीसी/बीजेपी/तीसरे मोर्चे को कवर किया है, इसलिए दावे के साथ कह सकता हूँ कि कांग्रेस के अंग्रेजी भाषी दलाल नेताओं ने उसके जमीनी नेताओं को भाजपा या क्षेत्रीय दलों में जाने के लिए अभिशप्त कर दिया।

चूंकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए वो अपने व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इस बात में कोई दो राय नहीं कि किसी भी स्थापित दल को चलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय लायजनरों की जरूरत पड़ती है, लेकिन इनके निहित स्वार्थों के ऊपर यदि ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जनाधार



रखने वाले नेताओं की उपेक्षा की जाएगी तो फिर वोट कहाँ से आएगा, यह सोचने की फुर्सत सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के पास नहीं होगी।

अतीत पर नजर डालें तो एक जमाना था जब गांव-गांव में कांग्रेस के मजबूत शुभचिंतक थे, लेकिन पार्टी की अव्यवहारिक रीति-नीति के चलते वह इससे दूर होते चले गए। दो टूक कहें तो भाजपा में या क्षेत्रीय दलों में शिफ्ट हो गए। ऐसे में आज कांग्रेस के पास सिर्फ उन धनपशुओं की टोली बची है, जिनको दूसरी राजनीतिक पार्टियां कभी तवज्जो नहीं देतीं। इनका काम कांग्रेस की सत्ता और संगठन के बड़े नेताओं के शाही खर्चों का इंतजाम करना भर है और इसलिए इनके समर्थक ब्लॉक, जिला, राज्य व राष्ट्रीय संगठनों पर हावी हैं।

चूंकि इनका कोई जनाधार नहीं है और ये जनाधार वाले कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं देते, इसलिए कांग्रेस खत्म होती चली गई। वहीं, जब से क्षेत्रीय कांग्रेस के नेता अस्तित्व रक्षा के लिए बिहार में राजद प्रमुख लालू प्रसाद व तेजस्वी यादव तथा उत्तरप्रदेश में सपा प्रमुख स्व. मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव जैसे मजबूत नेताओं के इशारे पर काम करने लगे, तब से पार्टी संगठन की स्थिति और अधिक दयनीय हो गई।

आलम यह है कि कांग्रेस जैसी राजनीतिक पार्टी, जिसे देश की आजादी का श्रेय प्राप्त है, जब जनजीवन व राष्ट्रीय हितों से इतर प्रमुख जातीय, सांप्रदायिक और क्षेत्रीय समीकरणों पर खेलने लगी, तो उसकी जोड़-तोड़ से सत्ता तो बदलती रही, परंतु जनाधार छीजता चला गया। क्योंकि उसके प्रति निष्ठावान रहे प्रतिभाशाली पेशेवर, कारोबारी, प्रशासक और समाजसेवी आदि उससे दूर होते चले गए। चूंकि पहले क्षेत्रीय दलों और उसके बाद भाजपा ने उन्हें तवज्जो दी,इसलिए वो सब इनके साथ जुड़ गए, जिससे इन्हें अप्रत्याशित मजबूती मिली और कांग्रेस को कमजोरी मुबारक हुई।

अब जब कांग्रेस की टू कॉपी भाजपा बनती जा रही है तो भी कांग्रेस के थिंक टैंक को असली मुद्दे समझ में नहीं आ रहे हैं। शायद उसकी इसी मनोवृत्ति पर चोट करते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कांग्रेस को पुराने ढर्रे की राजनीति बंद करनी होगी और नए ढर्रे बनाने होंगे। अन्यथा सियासी सफलता मुश्किल है। लिहाजा कांग्रेस की इसी कमजोरी को मजबूती में बदलने का आह्वान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किया है।

हाल ही में हरियाणा और महाराष्ट्र में पार्टी और गठबंधन की हुई करारी हार के बाद हुई पहली कांग्रेस वर्किंग कमिटि की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दो टूक कहा कि अब पार्टी में जवाबदेही तय करने का वक्त आ गया है। क्योंकि इन दोनों ही राज्यों में महज चंद महीने पहले पार्टी का प्रदर्शन काफी संतोषजनक रहा था। लेकिन अब जो नई दुर्गति सामने आई है, वह हमें नए सिरे से सोचने पर मजबूर करती है।

बता दें कि 29 नवंबर 2024 शुक्रवार को हुई कांग्रेस के सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई की इस समीक्षा बैठक में खरगे के अलावा तमाम सीनियर नेता, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस की नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी भी मौजूद थी। हालांकि बैठक खत्म होने से पहले ही राहुल और प्रियंका निकल गए। इसी मीटिंग में मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के नेताओं के सामने जहां एक ओर इस निराशाजनक प्रदर्शन के लिए तमाम वजहों को गिनाया, वही उन्होंने ईवीएम का मुद्दा भी उठाया। खरगे का दो टूक कहना है कि पार्टी में अनुशासन की कमी और पुराने ढर्रे की राजनीति के जरिए जीत नहीं मिल सकती। क्योंकि कांग्रेस के भीतर आपसी गुटबाजी एक स्थायी भाव बन चुकी है। उन्होंने इस ओर इशारा करते हुए कहा कि आपसी एकता की कमी और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी हमें काफी नुकसान पहुंचाती है। जब तक हम एक हो कर चुनाव नहीं लड़ेंगे, आपस में एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं करेंगे, तब तक अपने विरोधियों को राजनीतिक शिकस्त नहीं दे पाएंगे। इसलिए हमें हर हाल में एकजुट रहना होगा।

वहीं, उन्होंने पार्टी में अनुशासन पर जोर देते हुए संकेत दिया कि पार्टी के लोग अपने स्तर पर अनुशासन में बंधें। वैसे तो पार्टी के पास अनुशासन का हथियार है, लेकिन हम नहीं चाहते कि अपने साथियों को किसी बंधन में डाले। वहीं, खरगे ने कांग्रेस की एक और बड़ी कमी की ओर इशारा करते हुए कहा कि पार्टी अपने पक्ष के माहौल को नहीं भुना पाती। उनका कहना था कि चुनावों में माहौल हमारे पक्ष में था। लेकिन केवल माहौल पक्ष में होना भर ही जीत की गारंटी नहीं होती। इसलिए अब पार्टी में जवाबदेही तय करने का वक्त आ गया है। क्योंकि पार्टी में अनुशासन की कमी है। पार्टी के भीतर आपसी गुटबाजी एक स्थायी भाव बन चुकी है।

सच कहूं तो लोकसभा चुनाव के बाद दो राज्यों में पार्टी की हुई करारी हार के बाद शुक्रवार को सीडब्ल्यूसी मीटिंग में खरगे द्वारा पार्टी की हार की वजहों का जिक्र कोई पहला मौका नहीं था, जब पार्टी ने अपनी कमियों की ओर इंगित किया हो। यह कड़वी सच्चाई है कि कांग्रेस समस्या जानती है, उसका निदान और उपचार भी जानती है, लेकिन इसके लिए जो इच्छा शक्ति की जरूरत होती है, वह पार्टी नेतृत्व में नजर नहीं आती। यही वजह है कि 2014 के आम चुनाव के बाद असेबली चुनावों में पार्टी की हो रही लगातार हार के बाद 2016 में कांग्रेस के तत्कालीन महासचिव दिग्विजय सिंह ने पार्टी में मेजर सर्जरी की जरूरत बताई थी। लेकिन हुआ कुछ नहीं। उल्टे जी-23 में से ज्यादातर को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

इसलिए अब यह देखना दिलचस्प होगा कि खरगे द्वारा पार्टी की कमियों की ओर किया गया यह इशारा क्या वाकई पार्टी और नेताओं के भीतर कोई बदलाव लाएगा? क्या पार्टी अनुशासन की ब्लेड से मेजर सर्जरी कर पाएगी या फिर यह भी बस एक महज खानापूर्ति बन कर रह जाएगा? क्योंकि खरगे का यह सुझाव सही है कि हमें माहौल को नतीजों में बदलना सीखना होगा। उन्होंने जीत के लिए भरपूर मेहनत के साथ-साथ समयबद्ध तरीके से रणनीति बनाने और संगठन की मजबूती पर जो जोर दिया है, वह भी पते की बात है। उनका सुदीर्घ अनुभव इसमें झलकता है।उन्होंने सटीक आईना दिखाया है कि सिर्फ माहौल पक्ष में होना भर ही जीत की गारंटी नहीं होती। क्योंकि भाजपा इसे अपने पक्ष में करना जानती है। हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र तक उसने यही किया है। खरगे का कहना भी सही है कि हमें अपने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा। हमें मतदाता सूची बनाने से लेकर वोट की गिनती तक रात-दिन सजग, सचेत और सावधान रहना होगा। हमारी तैयारी शुरू से लेकर मतगणना तक ऐसी होनी चाहिए कि हमारे कार्यकर्ता और सिस्टम मुस्तैदी से काम करें। वहीं उन्होंने राज्यों को भी अपना संगठन मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं के सहारे राज्यों का चुनाव आप कब तक लड़ेंगे? उन्होंने प्रदेश संगठनों से कहा कि हाल के चुनावी नतीजों का संकेत यह भी है कि हमें राज्यों में अपनी चुनाव की तैयारी कम से कम एक साल पहले शुरू कर देनी चाहिए। उन्होंने यह कहते हुए राजनीतिक दूरदर्शिता दिखाई है कि हमारी टीम समय से पहले मैदान में मौजूद रहनी चाहिए। जो कि अपने प्रतिद्वंद्वी की तैयारियों पर नजर रखने में सक्षम हो।

वाकई ऐसा संभव हुआ तो यह कांग्रेस के लिए पुनर्जन्म जैसा होगा। लेकिन सुलगता सवाल फिर वही कि क्या पार्टी के नेताओं के अंदर अब कोई बदलाव आएगा? क्या उनके घिसे-पिटे सियासी एजेंडे और तुष्टिकरण की नीति में आमूलचूल बदलाव आएगा? क्या उनकी क्षुद्र जातीय नीतियां बदलेंगी और राष्ट्रनिर्माण के वास्ते को कोई अग्रगामी और निर्णायक कदम उठा पाएंगे! इंतजार करना श्रेयस्कर रहेगा।

**-कमलेश पांडेय-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## महायुति के रूप में चुनाव लडने को हुए मजबूर

देश अभी भी राष्ट्रवादी की आंधी से काफी दूर है और क्षेत्रवाद अभी भी भारतीय राजनीति में सिर चढ़कर बोल रहा है, यह संदेश फिर एक बार हाल ही में सम्पन्न दो राज्य विधानसभाओं के चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है, साथ ही इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणामों ने आज के प्रमुख राजनीतिक दलों की स्थिति को भी स्पष्ट कर दिया है। कौन सा दल कितने गहरे पानी में है, उसकी अहमियत क्या रह गई है, उसे जन समर्थन कितना प्राप्त है, इन सब सवालों का जवाब देश के प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा महायुति' बनाकर चुनाव लडऩे से स्पष्ट हो रहा है, कभी देश में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ा करती थी और सरकारें बनाती थी, वे आज महायुति' के रूप में चुनाव लडऩे को मजबूर है, यही आज की राजनीति की मजबूरी है।हाल ही में महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव परिणामों ने जहां मोदी जी की कथित एक-छत्रता' की स्थिति को स्पष्ट कर दिया है वहीं देश का वास्तविक राजनीतिक चरित्र भी लाकर सामने खड़ा दिया है।आज जबकि देश की आजादी को करीब पचहत्तर साल का अरसा हो चुका है, तब यह महसूस किया जा रहा है कि अब देश का आम वोटर भी जागरूक





होने लगा है और वह अब किसी लोभ-लालच या बहकावें से दूर रह कर अपने मताधिकार का उपयोग करने लगा है, श्री नरेन्द्र मोदी एक दशक से भी अधिक समय से प्रधानमंत्री है, किंतु झारखण्ड जैसा राज्य आज भी उनके प्रभाव से मुक्त है, अपने क्षेत्रिय हित को ध्यान में रखकर अपना राजनीतिक भविष्य तय कर रहा है, यही सही अर्थों में राजनीतिक जागरूकता का परिचायक है।इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणामों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि दोनों राज्यों के मतदाताओं को अपनी अस्मिता से कितना लगा है, महाराष्ट ने जहां अपनी संस्कृति व राजनीतिक जागरूकता का परिचय देते हुए स्थानीय को महत्व देकर अपना मत प्रकट किया, वहीं झारखण्ड ने भी अपनी स्थानीयता को महत्व देते हुए, अपना मत प्रकट किया, यही आज के मतदाताओं की जागरूकता का स्पष्ट प्रमाण है, वे राष्ट्रीय और स्थानीय हितों का अंतर समझने लगे है, साथ ही इन परिणामों से यह भी स्पष्ट हो गया कि राजनीतिक दल अहम् नहीं, क्षेत्रवाद का हित सर्वोपरी है और अब धीरे-धीरे राष्ट्रीय हो या स्थानीय सभी राजनीतिक दलों को अपनी स्थिति का भी सही अहसास हो गया है। यही मतदाताओं की जागरूकता का परिचायक है। ज.यदि यही सिलसिला चलता रहा तो वह दिन दूर नही जब भारतीय राजनीति फिर से विश्व की सिरमौर' बनकर विश्व पर राज करेगी और विश्व के सभी देश उसके अनन्य समर्थक होंगें।

**-ओमप्रकाश मेहता-**

## कविता विडियो प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

**मुजफ्फरपुर,01 दिसम्बर 2024।** बिहार की साहित्यिक पब्लिकेशन एम एस केशरी पब्लिकेशन जिसकी संस्थापिका मुस्कान केशरी जी हैं। पब्लिकेशन द्वारा एकल पुस्तकें और साझा संकलन पुस्तकें प्रकाशित की जाती हैं और हर माह दो दिवसीय काव्यगोष्ठी,जुगलबंदी,साक्षात्कार और कविता व विडियो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें देशभर के साहित्यकार सम्मिलित होते हैं और कार्यक्रम कों सफल बनाते हैं। हर माह के तरह नवम्बर माह में भी कविता विडियो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देशभर के साहित्यकार भाग लिए है। अभी तक ललिता वर्मा, श्रीमती रेणुका व्यास, मिताली श्रीवास्तव वर्मा, कवि मुकेश कुमावत, डॉक्टर रानी सक्सेना, सोनू सिंह, भारत भूषण वर्मा, डॉ अजय वर्मा अजेय, खुशी राजली, अंजलि डुडेजा, सनल कक्काड, संजय कुमार पांडे, निवेदिता सिन्हा, राज, हरमिंदर कौर, राजेश कुमार, लीला दीवान, डॉ हरीश कुमार खत्री, मदन गोपाल, डॉ रानी कुमारी, अंजलि डुडेजा जी की विडियो प्राप्त हो चूकी हैं। 30 नवंबर को कविता विडियो प्रतियोगिता के विजेता का नाम घोषित किया गया। विडियो प्रतियोगिता में ललिता वर्मा जी विजेता रही और लोकप्रिय सम्मान से सम्मानित की जाएगे आदयणीय रेनिका व्यास, डॉ अजय वर्मा अजेय, सनल कक्काड जी , राज जी। जिसे स्टार आँफ द नवम्बर माह का ताज व प्रशंसा पत्र दिया जाएगा और साथ ही सभी प्रतिभागी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। एम एस केशरी पब्लिकेशन की संस्थापिका मुस्कान केशरी जी सभी साहित्यकार का तहे दिल से धन्यवाद करती हैं।

## शांति कायम होने की खुशी,साथ-साथ डर भी

उम्मीदें दुबारा जाग गई हैं। पश्चिम एसिया में तनिक शांति लौटी है। पिछले 14 महीनों से हिज़्बुल्लाह और इजराइल की तकरार, लड़ाई कल थमी। हजारों विस्थापित लेबनानियों ने बेरूत और दक्षिणी लेबनान में युद्ध से बर्बाद और लगभग वीरान बस्तियां में लौटना शुरू किया है। शांति कायम होने की ख़ुशी है। लेकिन साथ-साथ डर भी है। सीमा के दोनों ओर इस बात की चिंता है कि युद्धविराम कायम रहेगा या नहीं?। आशा है कि 60 दिन का यह युद्धविराम और लम्बा हो जाएगा।अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता में हुए इस समझौते जिसे इजराइल और लेबनान की सरकारों ने स्वीकार किया है- के अनुसार इजराइल अपनी सेना लेबनान से हटा लेगा। हिज़्बुल्लाह अपने लड़ाकों को दक्षिण लेबनान से बाहर भेज देगा। लेकिन इसकी समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि बहुत कुछ आगे के घटनाक्रम पर निर्भर करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हिज़्बुल्लाह की किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्यवाही का माकूल जवाब देने का अधिकार इजराइल सुरक्षित रखता है।इस बीच हिज़्बुल्लाह, जो पहले इस बात पर जोर देता था कि लेबनान का भविष्य गाजा से जुड़ा हुआ है,ने अपने ईरानी आकाओं के आशीर्वाद (और प्रोत्साहन) से अपना रवैया बदला और गाजा में चल रहे युद्ध से अपने को अलग करते हुए समझौता किया है। हिज़्बुल्लाह ने किसी से भी सलाह-मशविरा किए बिना इजराइल पर राकेट दागने का खतरनाक फैसला किया था। इस भिडंत ने लेबनान को पिछले कई दशकों के सबसे भयावह युद्ध में धकेल दिया। इससे हिज़्बुल्लाह लेबनान में और पूरे पश्चिमी एशिया में अलग-थलग पड़ा। अब लेबनान के सामने अपने शहरों को फिर से बनाने की बड़ी चुनौती है। दुश्मन के शिविर में जासूसों के ज़रिये घुसपैठ कर इजराइल, हिजबुल्लाह के महासचिव आसीन हसन नसरूल्लाह सहित कई वरिष्ठ नेताओं की हत्या करवाने में सफल रहा है। इजराइल



ने इस संगठन के प्रति वफादार लोगों की बस्तियों पर बम हमले किए जिससे लाखों लोग अपने घर छोड़कर भागने का मजबूर हुए। दर्जनों गांवों को बम से उड़ा दिया गया जिसके चलते बहुत से लोगों के सामने अब मुसीबत यह है कि अगर वे तुरंत वापिस आना चाहें भी तो उनके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं है। लेकिन हिज़्बुल्लाह के लड़ाके और समर्थक अभी भी लेबनान में मौजूद हैं। वापिस लौटने वाले लोग हिज़्बुल्लाह के पीले झंडे लहराकर यह संकेत दे रहे थे कि यह हिज़्बुल्लाह की जीत है। हिज़्बुल्लाह युद्धविराम को अपनी जीत की तरह प्रस्तुत कर रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि हिज्बुल्लाह बुरी तरह तबाह है और उसके लिए अपनी पूर्व की शक्ति हासिल करना बहुत मुश्किल होगा। इसलिए हिज़्बुल्लाह के लेबनान में और अन्य स्थानों पर मौजूद विरोधियों को उम्मीद है कि उसके कमजोर हो जाने से वह अब देश के राजनीतिक तंत्र पर अपनी मर्जी लादने में सक्षम नहीं रहेगा। हालांकि यह देखना होगा कि कितने राजनैतिक दलों की इतनी हिम्मत होगी कि वे एक कमजोर हो चुके हिज़्बुल्लाह को भी चुनौती दे सकें।जहां तक इजराइल का सवाल है, बेंजामिन नेतन्याहू कईयों के विरोध के बावजूद युद्धविराम को स्वीकार करने के लिए बाध्य हुए है। देश में और दुनिया में उनकी छवि बिगड़ती जा रही थी और उन्हें आलोचनाओं की मार झेलनी पड़ रही थी। इसके अलावा इजराइल लड़ते-लड़ते थकावट महसूस करने लगा था। सेना के लिए दो मोर्चों पर लड़ते हुए मजबूत स्थिति बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा था। युद्धविराम के बाद सेना अपना ध्यान बड़े युद्ध पर केन्द्रित रख पाएगी। नेतन्याहू ने लेबनान में युद्धविराम के लिए राजी होने की वजह यह बताई कि अब वे ÷ईरानी खतरे पर ध्यान केन्द्रित÷ कर पाएंगे। हालांकि उन्होंने यह साफ करने से इंकार कर दिया कि इससे उनका क्या आशय है।राष्ट्रपति बाइडन ने युद्धविराम का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे गाजा पट्टी में चल रहे हमास और इजराइल के युद्ध को रूकवाने की राह बनेगी। हालांकि इसके लिए पिछले कुछ महीनों में किए गए कूटनीतिक प्रयासों का कोई नतीजा नहीं निकला है। लेकिन बाइडन की उम्मीद अभी भी कायम है। अब उनके कार्यकाल का दो माह से भी कम समय बचा है और सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा है कि अमेरिका आने वाले दिनों में गाजा में युद्ध विराम करवाने का एक और प्रयास' करेगा।लेकिन जब वे ये उम्मीद भरी बात लिख रहे थे, उसी दौरान इजराइल ने गाजा के कई दर्जन इलाकों पर हमला किया और उन्हें हमास के सैन्य ठिकाने बताया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इन हमलों में कम से कम 33 लोग मारे गए और 134 अन्य घायल हुए। नेतन्याहू गाजा में युद्ध जारी रखने के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं। यह दृढ़ता अभी तो बीबी को सत्ता में बनाए रख सकती है किंतु ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद यह उन्हें भारी पड़ सकती है। ट्रंप ने नेतन्याहू से साफ शब्दों में कह दिया है कि वे चाहते हैं कि 20 जनवरी को उनके ओवल आफिस में काम संभालने के पहले लड़ाई बंद हो जाए। क्या नेतन्याहू झुकेंगे? या जो बाइडन यूरोप की मदद लेकर, ट्रंप के उछल-कूद शुरू होने के पहले इस बवाल को रोकने में सफल हो पाएंगे?किसी भी युद्ध में शांति कायम करना सबसे मुश्किल काम होता। लेकिन हर युद्ध का रुकना, भले ही वह कुछ अर्से के लिए हो, उम्मीद तो जगाता ही है।

**-श्रुति व्यास-**

### कहानी
## धुन भोले की

घटती-घटना



कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी
गांधीनगर,इंदौर मध्यप्रदेश

बिन भोले थे हम भी अकेले,
मन के मीत बने अब भोले,
भोले-भोले हम करते हैं,
आप भी बोलो भोले -भोले।
बिन भोले थे ....
चमक रही भोले की नगरी,
मद्धिम-मद्धिम तारों से,
हमने दीप जला रक्खे हैं,
मंदिर और चिनारों पे।
बिन भोले थे ....
एक राह जो भोले की थी,
बिन देखे हमने भी चुन ली,
सफर भी पूरा होने को है,
जयकारे की टेर भी सुन ली।
बिन भोले थे ....
जैसे बिन पतवार के नैया,
डगडग-डगमग होती है,
साथ भोले का पाकर हमने ,
जीवन की सही डगर पकड़ ली।
बिन भोले थे ....
रुद्र करें जो रुनझुन -रुनझुन,
हमसे कुछ यूं कहते हैं,
साथ चलोगे तो जीवन की,
हर धुन भोले गाएगी।
बिन भोले थे .....

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करते पाए जाने पर 28 लोगों पर की गई कार्रवाई



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के तहत जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में उल्लंघन करने पर पुलिस विभाग,स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य व औषधि विभाग के संयुक्त दल द्वारा शनिवार को चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देशानुसार कोतवाली थाना अंतर्गत संयुक्त दल द्वारा कोटपा अधिनियम के उल्लंघन करने पर चांदनी चौक, बौरीपारा, बंगाली चौक, रामानुजगंज नाका में बिना वैधानिक चेतावनी वाले सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद, पान-मसाला विक्रेता द्वारा बैठक व्यवस्था बनाकर सिगरेट पिलाने, सार्वजनिक स्थल में सिगरेट पीने वाले पर कार्रवाई करते हुए कुल 28 चालानी कार्रवाई करते हुए 3400 रूपये चालान काटी गई। कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक स्थान जैसे चौक-चौराहे, हॉटल, रेस्टोरेंट, पार्क, सिनेमा गृह, लॉज में धूम्रपान को उपयोग किया जाना पूर्णतः वर्जित है। कोटपा एक्ट की धारा 6 के अनुसार शिक्षण संस्थानों कोचिंग सेंटर की 100 गज की दूरी तक तम्बाकू उत्पाद की बिक्री गैर कानूनी है। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के द्वारा तम्बाकू उत्पाद बेचा जाना या उपभोग करना सज्ञेय अपराध की श्रेणी में रखा गया है। कार्रवाई के दौरान खाद्य व औषधि निरीक्षक अनिल पैकरा, आलोक मौर्य, वीन सिंह, प्रशांत कश्यप, मनोज पुलिस विभाग से डीडी सिंह, लीना तिर्की, शीला मिंज उपस्थित थे।

## नियम के उल्लंघन पर होगी सील बंद की कार्रवाई

शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज (91 मीटर) की दूरी पर धूम्रपान अथवा तम्बाकू का क्रय-विक्रय तथा सेवन पूर्णतः वर्जित है। इसके बावजूद कई पान-मसाला विक्रेता के यहां धूम्रपान करते हुए व्यक्ति पाए गए जिनके ऊपर कोटपा अधिनियम के तहत 28 चालानी कार्रवाई करते हुए 3400 रूपये का चालान नियम विरूद्ध तम्बाकू विक्रय करने वाले पान मसाला संचालको पर काटा गया। भविष्य में सार्वजनिक स्थल, शैक्षणिक संस्थानों के समीप धूम्रपान करने वाले एवं अमानक रूप से तम्बाकू उत्पाद के क्रय विक्रय करने पर संचालनों के विरूद्ध सील बंद की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले में नशा मुक्ति अभियान के तहत नियमित रूप से नशे के खिलाफ कोटपा अधिनियम के उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।



# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को दी गई एड्स से बचाव की जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

विश्व एड्स दिवस पर रविवार को पीजी कॉलेज में जागरुकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. एसएन पांडेय ने छात्र-छात्राओ को एड्स रोग के सामान्य लक्षण एवं बचाव की जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को इंटरनेट द्वारा भी इस रोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का आह्वान किया। रैली मनेंद्रगढ़ रोड से होते हुए अंबेडकर चौक पहुची। जहां पर नुक्कड़ नाटक द्वारा लोगों को एड्स रोग के प्रति जागरूक किया गया। उसके पश्चात रैली बनारस रोड से होते हुए महाविद्यालय ग्राउंड में पहुंच कर समाप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शशिकला सनमानी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राजीव कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कंप्यूटर विभाग से चेतन कुमार एवं मोनिका खेस, अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. जेएन पांडेय, पुस्तकालय विभाग से ग्रन्थपाल चमन कुमार उपस्थित थे।

# नेशनल हाईवे 130 गुमगा में कार ट्रक में आमने सामने भिड़ंत,5 युवाओं की मौत



### भीषण दुर्घटना में इसकोटा कार के उड़े परखच्चे,घटना सुबह 5 बजे की

## 5 युवक रायपुर से मैनपाट पिकनिक मनाने के लिए निकले थे लेकिन रास्ते में गुमगा पहुचते ही हो गई मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुर-बिलासपुर मार्ग 130 1 दिसंबर के सुबह करीब 5.30 जे भीषण ट्रक एवं कार में भिड़ंत ने के कारण चार युवकों की मौके र ही मौत हो गई। हादसा इतना यानक था कि सकोटा कार के रखच्चे उड़ गए। और कार के अंदर दुर्घटना के समय चार युवकों की ात हो गई वही एक युवक गंभीर रूप घायल है जिसे अम्बिकापुर रेफर कया गया है जिसकी हालत नाजुक नी हुई है। एक युवकों का लाश गाड़ी फंसा रहा जिसे उदयपुर पुलिस की दत से कटर मशीन से काट कर काला गया। तब कही सभी लाशों ो उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया है। पोस्टमार्टम के लिए उदयपुर पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। मृतक में प्रमुख रूप से संजीव साहू, दिनेश साहू,राहुल एव एक अन्य युवक जिसका नाम पता नहीं चल सका है।सभी चरौदा रायपुर के रहने वाले हैं। घटना का प्रमुख कारण खाली ट्रक जो अम्बिकापुर की ओर से बिलासपुर की तरफ काफी तेजी से जा रहा है और ट्रक से चालक अपना नियंत्रण खो दीया सीधे विपरीत दिशा से आ रहे कार को रांग साईड में ले जाकर टक्कर मार दी टक्कर की आवाज सुन कर भोर में आस पास के बस्ती वाले उठे और बचाने का प्रयास किये लेकिन घटना इतनी भयानक थी कि किसी को नहीं बचा सके। जानकारी के अनुसार ये सभी युवा घर से जगदलपुर जाने के लिए निकले थे लेकिन प्लान चेंज होने के कारण रूट बदल कर मैनपाट जाने के लिए निकल गए।यह भी कहा जा रहा है कि ये एक युवक रायपुर में जिम संचालन का काम करता था ।गाड़ी में भी जिम का समान पड़ा था। थाना प्रभारी कुमारी चन्द्राकर,आभास मिंज एवं दल बल के साथ पूरी टीम राहत बचाव कार्य में लगी रही।

### गुमगा,डाँडग़ांव नेशनल हाईवे बना ब्लैक स्पाट

नेशनल हाईवे 130 गुमगा, डाँडग़ांव 5 किलोमीटर का ऐरिया ब्लैक स्पाट बन गया है ।जब से नेशनल हाईवे मार्ग बना है हर दिन पांच किलोमीटर रियायसी इलाके में दुर्घटना हो रही है कई लोगों की जान जा चुकी है ।दुर्घटना का प्रमुख कारण इस पांच किलोमीटर के अगल बगल घनी आबादी बस्ती हैं रात होते ही सडक़ पर अंधेरा छा जाता है ।जिस कारण जैसे ही लोग सडक़ पर आते हैं दुर्घटना के शिकार हो रहा है ।वही न ब्लैक स्पाट कोई ब्रेकर हैं ।जिस कारण निर्दोष लोगों के खून से सडक़ लाल हो रही है ।ग्राम वाशियों ने जिला प्रशासन से शीघ्र सडक़ दुर्घटना रोकने एवं रोड लाईट लगाने की मांग की है। अन्यथा उग्र आंदोलन करेंगे ।वहीं उदयपुर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर आये की विवेचना कर रही है।



# जंगल से भटक कर गांव में घूसे भालू ने पेड़ पर चढ़ा,देर शाम तक नहीं उतरा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

जंगल से भटक कर दो भालू उदयपुर के ग्राम सोनतराई में घुस गए। यहां लोगों को देखकर एक भालू गांव के पंचायत भवन के समीप महुआ पेड़ पर चढ़ गया और काफी देर तक बैठा रहा। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य शुरू किया। भालू को पेड़ से नीचे उतारने के लिए वन अमला ने काफी कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। भालू को देखने के लिए मौके पर काफी भीड़ लग गई। भालू तीन बार नीचे उतरने की कोशिश की पर लोगों की भीड़ देकर ऊपर चढ़ गया। वन विभाग द्वारा किए जा रहे रेस्क्यू से परेशान होकर भालू 30 फिट ऊचे पेड़ पर सो गया। इधर वन विभाग भालू द्वारा लोगों पर हमला किए जाने की आशांका को देखते हुए मौके पर डटा हुआ है। वन विभाग ने स्थानीय लोगो को भालू से दूरी बनाए रखने की हिदायत दी है। वन विभाग का मनना है कि भीड़ हटते ही भालू स्वयं पेड़ से उतरकर जंगल की ओर चला जाएगा।

# भाजपा बूथों पर है मजबूत,निगम चुनाव में होगा फायदा : संतोष दास

» भाजपा नगर मंडल के गांधीनगर शक्ति केंद्र में हुआ बूथों का गठन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

भाजपा नगर मंडल अंबिकापुर के गांधीनगर शक्ति केंद्र में आज चुनाव प्रभारी भाजपा जिला संवाद प्रमुख संतोष दास के मुख्य आतिथ्य में बूथ क्रमांक 37,38,39 तथा 40 के बूथ समितियों का चुनाव संपन्न हुआ। स्थानीय कमोदा बिहार में आयोजित बूथ समितियों की बैठक में सर्वसम्मति से बूथ क्रमांक 37 में नेपाल एतबार, बूथ क्रमांक 38 में रिद्धि शर्मा, बूथ क्रमांक 39 में नीलेश श्रीवास्तव तथा बूथ क्रमांक 40 में नेहा सोनवानी को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सभी को बधाई देते हुए चुनाव प्रभारी भाजपा जिला संवाद प्रमुख संतोष दास ने कहा कि गांधीनगर क्षेत्र में भाजपा प्रत्येक बूथ में मजबूत है। यहाँ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता न केवल पार्टी की गतिविधियों को सक्रिय रूप से संपन्न करते हैं बल्कि चुनावों में भी अपने परिश्रम से भाजपा को लीड दिलाते हैं। इसका लाभ निश्चत रूप से आने वाले निगम चुनाव में हमें मिलेगा। उन्होंने नगरीय निकाय चुनाव के लिए पूरी एकजुटता के साथ भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को भिडने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद नगर मंडल उपाध्यक्ष निरंजन राय ने तथा आभार प्रदर्शन विपिन पांडे ने किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता कैलाश ठाकुर, पूर्व पार्षद कलाचंद साव, वरिष्ठ नेता सुदामा यादव, विनय त्रिपाठी, निशीकांत भगत, मंटू पाठक, प्रभात विश्वास, मिश्रा जी, रजनी बिंद, गणेश्वरी चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## फेंगल तूफान का असर, बादलों की सक्रियता के कारण तापमान में वृद्धि

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

फेंगल तूफान का असर सरगुजा संभाग में देखा जा रहा है। बादलों की क्रियता के कारण तीन दिन के अंदर न्यूनतम तापमान में 3 डिग्र की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि तापमान बढने के बावजूद भी ठंड से विशेष राहत नहीं मिली है।



मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल के अनुसार फेंगल तूफान व जम्मू कश्मीर में बने पश्चिमी विक्षोभ का असर दो से तीन दिनों तक रहने की आशंका है। इस दौरान ठड से मामूली राहत मिल सकती है, लेकिन मौसम साफ होते ही उत्तरी छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ड पड़ेगी। पिछले 15 दिनों से सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही ी। उत्तरी छत्तीसगढ़ में शीतलहर जैसी स्थिति निर्मित थी। इस दौरान यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे बनी हुई थी। 29 नवंबर को न्यूनतम पमान 7.2 डिग्री तक पहुंच गया था। जो कि इस सीजन का सबसे ठंडी त थी। इसके बाद पिछले दो दिनों से फेंगल तूफान व जम्मू कश्मीर में ने पश्चिमी विक्षोभ के संयुक्त प्रभाव के कारण तापमान में वृद्धि हुई है।

## बलरामपुर में 18 वर्षीय युवती के साथ बलात्कार,आरोपी फरार

- संवाददाता -
बलरामपुर,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में एक हैवानियत भरी घटना सामने आई है। जहां एक 18 वर्षीय युवती के साथ बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है।



पीड़िता की शिकायत के अनुसार, वह आरोपी के साथ लगभग तीन महीने से लिव-इन रिलेशनशिप में थी। आरोपी ने युवती से शादी का झांसा देकर उसका लगातार शारीरिक शोषण किया।

जब युवती ने शादी की बात को लेकर आरोपी पर दबाव बनाया तो उसने शादी से इनकार कर दिया और युवती को घर से निकाल दिया। धोखे का शिकार हुई युवती ने इस घटना की जानकारी राजपुर थाने में दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

फिलहाल आरोपी फरार है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और लोगों में आक्रोश है।

## शिक्षक प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

- संवाददाता -
कांसाबेल,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कांसाबेल में आयोजित शिक्षक प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कांसाबेल शिक्षक टीम ने पत्थलगांव शिक्षक टीम को 17 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबला कांसाबेल शिक्षक टीम और पत्थलगांव शिक्षक टीम के बीच हुआ, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कांसाबेल शिक्षक टीम ने 10 ओवरों में 146 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसे पत्थलगांव शिक्षक टीम के लिए हासिल करना मुश्किल साबित हुआ। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए पत्थलगांव शिक्षक टीम 129 रन पर सिमट गई। कांसाबेल टीम के शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया। मुखय अतिथि के रूप में उपस्थित डीडीसी सालिक साय ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से एक दूसरे के भावना एवं आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष मंच मिलता है।श्री साय ने विजेता टीम कांसाबेल शिक्षक टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 31,000 रुपये और ट्रॉफी प्रदान की। वहीं, उपविजेता पत्थलगांव शिक्षक टीम को 21,000 रुपये और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।





## शहर के व्यक्ति से 20 लाख की धोखाधड़ी, किया था सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निवेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शहर का एक युवक ने 20 लाख रुपए धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार संजय गोयल शहर के अग्रसेन वार्ड का रहने वाला है। इसका फेसबुक पेज पर ऋषि अग्रवाल नामक व्यक्ति मित्र है। जो कि लखनऊ का रहने वाला है। संजय गोयल ने मोबाइल से बातचीत के दौरान लोगों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए एक स्कूल खोलने की बात ऋिषि अग्रवाल से की थी। उसने संजय को एक शोसल मीडिया प्लेटफार्म पर रुपए निवेश कर सपना पूरी करने की सलाह दी थी। सलाह मानकर संजय ने ऋषि अग्रवाल द्वारा दिए गए लिंक के माध्यम से प्लेटफार्म से जुड़ा था और उक्त प्लेटफार्म के कस्टमर सर्विस द्वारा दिए गए 5 खाता नंबर में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर के मध्य कुल 11 लाख रुपए इनवेस्ट किया था। रुपए इनवेस्ट करने के बाद संजय ने उक्त प्लेटफार्म से 10 अक्टूबर को 47 हजार 500, 28 अक्टूबर को 93 हजार व 22 नवंबर को 42 हजार 500 रुपए अपने व स्टाफ के खाते में प्राप्त किया। इसके बाद 24 नवंबर को बैंक से मोबाइल पर मैसेज आया कि उक्त रकम को साइबर फ्रॉड में दर्ज कर लिया गया है और संजय व उसके स्टाफ के खाते को फ्रीज कर दिया गया है। वहीं इसके प्लेटफार्म आइडी को भी फ्रीज कर दिया गया है। जब उसे पता चला की मेरे साथ साइबर फ्रॉड हुआ है तो वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। संयज ने कुल 20 लाख रुपए के धोखधड़ी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।




CMYK

# यह पागलपन न्यूयॉर्क करता है पाकिस्तानी होटल को 200 मिलियन डॉलर का भुगतान

## डील पर विवेक रामास्वामी ने उठाए सवाल




**वाशिंगटन,01 दिसम्बर 2024।** पाकिस्तान के एक होटल को अमेरिका का न्यूयॉर्क शहर 200 मिलियन अमेरिका डॉलर का भुगतान कर रहा है। अब भारतीय मूल के रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी ने इस पर अपने गुस्से का इजहार किया। उन्होंने इस फैसले को पागलपन बताया। रामास्वामी ने कहा कि इसका मतलब यह हुआ कि अमेरिकी करदाता अवैध रूप से रह रहे लोगों को आवास देने के लिए एक विदेशी सरकार को भुगतान कर रहे हैं।

विवेक रामास्वामी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि अवैध प्रवासियों के लिए करदाताओं द्वारा वित्तपोषित होटल का स्वामित्व पाकिस्तानी सरकार के पास है। इसका अर्थ यह है कि न्यूयॉर्क के करदाता वास्तव में हमारे अपने देश में अवैध प्रवासियों को रखने के लिए एक विदेशी सरकार को भुगतान कर रहे हैं। यह पागलपन है।

### लेखक जॉन लेफेवरे ने उठाया मुद्दा

रामास्वामी ने लेखक जॉन लेफेवरे की एक पोस्ट के बाद अपनी यह प्रतिक्रिया दी। लेफेवरे ने लिखा कि न्यूयॉर्क द्वारा मैनहट्टन स्थित पूरे रूजवेल्ट होटल को किराये पर लेना 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के बेलआउट पैकेज का हिस्सा है। इसका मकसद इस्लामाबाद को अंतरराष्ट्रीय ऋण से डिफाल्ट होने से बचने में मदद करना है। इस होटल का स्वामित्व पाकिस्तान सरकार के पास है।

### यहां अवैध प्रवासियों को रखा जाता

लेफेवरे के मुताबिक न्यूयॉर्क शहर अवैध प्रवासियों को रखने के लिए मैनहट्टन स्थित रूजवेल्ट होटल का इस्तेमाल करता है। बदले में किराये के तौर पर पाकिस्तान को 220 मिलियन डॉलर का भुगतान किया जाता है। इस डील से पहले 2020 में यह होटल बंद था। होटल कर्ज से भी जूझ रहा था। इसके रेनोवेशन की भी जरूरत थी।

### पीआईए की संपत्ति है रूजवेल्ट होटल

अमेरिका में स्थित रूजवेल्ट होटल पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (PIA) की संपत्ति है। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में पाकिस्तान की सरकार ने 220 मिलियन अमेरिकी डॉलर में तीन साल के लिए न्यूयॉर्क सिटी प्रशासन को यह होटल पट्टे पर दिया। तब से इस होटल का संचालन न्यूयॉर्क प्रशासन कर रहा है।

### रामास्वामी को ट्रंप बता चुके शानदार व्यक्ति

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उद्योगपति एलन मस्क और भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी को नए सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का नेतृत्व करने का जिम्मा सौंपा है। ट्रंप दोनों ही लोगों को शानदार व्यक्ति बता चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ये दोनों अमेरिकी मिलकर मेरे प्रशासन के लिए सरकारी नौकरशाही को खत्म करने, अनावश्यक विनियमनों को कम करने, फिजूलखर्ची को कम करने और संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने सैन्य-केंद्रित बजट को दी मंजूरी



**कीव,01 दिसम्बर 2024।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रिकार्ड 145 अरब डालर के रक्षा बजट को मंजूरी दी है। रूस ने साल 2025 के सैन्य खर्चों को रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ाया गया है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के दौरान रूस का ये कदम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यूक्रेन के साथ जारी युद्ध में रूस जीत हासिल करना चाहता है।

### रक्षा क्षेत्र में रूस का रिकॉर्ड बजट

रविवार को एक सरकारी वेबसाइट के अनुसार रूस के राष्ट्रीय बजट का 32.5 प्रतिशत राष्ट्रीय रक्षा के लिए आवंटित किया गया है, जो 13.5 ट्रिलियन रूबल (145 अरब से अधिक) है, जो इस वर्ष 28.3 प्रतिशत से अधिक रहा।

रूसी संसद के दोनों सदनों, स्टेट ड्यूमा और फेडरेशन काउंसिल के सांसदों ने पहले ही इसे मंजूरी दे दी थी। रूस और यूक्रेन युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप का सबसे बड़ा संघर्ष है और इसने दोनों पक्षों के संसाधनों को लगभग खत्म कर दिया है।

बता दें कि रूसी सरकार ने माना है कि यूक्रेन में मॉस्को द्वारा चलाए जा रहे विशेष सैन्य अभियान और सेना को समर्थन की ज़रूरतें सामाजिक ज़रूरतों और तकनीकी विकास के साथ-साथ बजट की प्राथमिकता बनी रहेंगी। सरकार ने मसौदा बजट को संतुलित के रूप में पेश किया है, जिसमें इस साल के अनुमानित घाटे 1.7% के मुकाबले घाटा 0.5% तक गिर गया है और अगले तीन वर्षों के लिए राज्य का ऋण 20% के निशान से नीचे बना हुआ है।

### यूक्रेन को मिल रही पश्चिमी सहयोगियों से मदद

वहीं, कीव को पश्चिमी सहयोगियों से अरबों डालर की मदद मिल रही है, लेकिन रूस की सेनाएं बड़ी हैं। साथ ही काफी उन्नत हथियारों से सुसज्जित हैं। यह भी देखा गया है कि जब से डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन संघर्ष समाप्त कराने की बात कही है तब से लगातार रूसी सेना पूर्वी क्षेत्रों में यूक्रेनी सैनिकों को पीछे धकेल रही है।

इस बीच, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख काजा कैलास रविवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। साथ ही उन्होंने यूक्रेन के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित की।



# बांग्लादेश में जारी है हिंदुओं पर अत्याचार,इस्कॉन मंदिर के एक और पुजारी को किया गिरफ्तार

**ढाका,01 दिसंबर 2024।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार जारी है। इस्कॉन मंदिर के पुजारी और हिंदू नेता स्वामी चिन्मय कृष्णदास की गिरफ्तारी के विरोध में हुए प्रदर्शन के बीच दूसरे हिंदू पुजारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पश्चिम बंगाल में इस्कॉन मंदिर के प्रवक्ता राधारमण दास ने ट्वीट करके बताया कि बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के एक और ब्रह्मचारी श्यामदास प्रभु को चत्तोग्राम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में श्यामदास प्रभु की फोटो शेयर करके लिखा कि क्या ये आपको आतंकवादी दिखते हैं? बता दें कि इससे पहले बांग्लादेश के इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) के पूर्व सदस्य चिन्मॉय कृष्ण दास को सोमवार को राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# चीन कर रहा लोगों का शोषण,जारी रहेगा साम्राज्यवादी एजेंडे का विरोध,बलूचिस्तान में जिनफिंग के खिलाफ उठी आवाज

**बलूचिस्तान,01 दिसम्बर 2024।** पाकिस्तान सीमा बलूचिस्तान में जबरन लोगों को गायब करने में जुटी है। इस बीच पाकिस्तान सरकार ने बड़े सैन्य अभियान की घोषणा की है। सरकार के इस फैसले का बलूच नेशनल मूवमेंट (बीएनएम) के अध्यक्ष नसीम बलूच ने निंदा की। उन्होंने बलूचिस्तान के स्वतंत्रता संघर्ष में पाकिस्तान और चीन की भूमिका के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई की अपील की। नसीम ने चीन पर भी निशाना खूब साधा और कहा कि बलूच लोग चीन का विरोध लगातार करते रहेंगे।

### बलूच लोगों का उत्पीड़न कर रहा पाकिस्तान

नसीम ने कहा कि पाकिस्तान और चीन लगातार बलूच लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तानी सरकार अक्सर बलूचिस्तान में भविष्य के सैन्य अभियानों की धमकी देती है। मगर चल रही सैन्य कार्रवाइयों को छिपाने के लिए मनोवैज्ञानिक रणनीति के रूप में भविष्य की बात करता है।

इन बयानों का उद्देश्य बलूचिस्तान में पाकिस्तान के अत्याचारों से ध्यान हटाना है। ताकि यह कहा जा सके कि पाकिस्तान अभी बलूचिस्तान में सक्रिय रूप से शामिल नहीं है। नसीम ने कहा कि यह रणनीति बलूच आबादी को डराने और उन्हें प्रभावित करने वाले वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का भी काम करती है।




### पाकिस्तान क्यों चला रहा सैन्य अभियान?

नसीम ने कहा कि बलूचिस्तान खनिजों से समृद्ध है। मगर यहां के लोग गरीब हैं। बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही हैं। पाकिस्तान यहां के संसाधनों का दोहन कर रहा है। सैन्य अभियान के पीछे एक वजह यह भी है। उन्होंने कहा कि बलूच लोग तभी शांति और समृद्धि पा सकेंगे, जब भूमि और संसाधनों पर उनका अधिकार हो।

### तो बदला ले रहा है पाकिस्तान

नसीम ने कहा कि पिछले दो दशकों में बलूचिस्तान के प्रतिरोधी संगठनों ने गुरिल्ला युद्ध के माध्यम से पाकिस्तानी सेना के सबसे बड़ी चुनौती खड़ी की है। अब पाकिस्तान सामूहिक रूप से बलूच लोगों को दंड देकर इस प्रतिरोध का बदला ले रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें हत्याएं, जबरन गायब करना और अमानवीय यातनाएं शामिल हैं।

### अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं पर भी सवाल

नसीम बलूच ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूच लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता देने और बलूचिस्तान में चल रहे मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की चुप्पी नरसंहार में मिलीभगत के बराबर है।

### चीन को भी घेरा

नसीम ने बलूचिस्तान के खिलाफ सैन्य अभियान में चीन की बढ़ती भागीदारी पर भी बात की। उन्होंने चीन पर आरोप लगाया कि वह क्षेत्र में पाकिस्तान की क्रूर कार्रवाइयों का समर्थन कर रहा है, ताकि वह अपनी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ा सके। खास तौर पर ग्वादर पोर्ट और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) जैसी परियोजनाओं के माध्यम से। उन्होंने कहा कि चीन की यह परियोजनाएं शोषणकारी हैं।

# जशपुर पुलिस की रात्रि गश्त का होने लगा असर, चोरी की वाहनों सहित चोर पुलिस के गिरफ्त में

- विगत 02 रात में 03 मोटर और 03 आरोपी अलग-अलग थानों में धरे गये...
- विगत 08 दिनों में गश्त के दौरान घूमते हुये चोरी के 10 दोपहिया वाहन (08 मोटर सायकल 02 स्कूटी) को जप्त कर कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया...
- आरोपियों के विरूद्ध थाने में भा.न्या.सं. की धारा 303(2),3(5) का अपराध पंजीबद्ध







- संवाददाता -
**जशपुर,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।** पहले प्रकरण में दिनांक 29.112024 की रात्रि में सिटी कोतवाली जशपुर नगर क्षेत्र में थाना का निगरानी बदमाश मोटर सायकल से घूमते हुये पाया गया, जिसे पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर वह भागने लगा जिसका पुलिस द्वारा पीछा कर अभिरक्षा में लिया गया एवं उसके पास मौजूद बजाज पल्सर मोटर सायकल क्र. जे.एच. 07 एच/6182 का दस्तावेज मांगने पर उपलब्ध नहीं होना बताया एवं उसे कुछ दिन पूर्व गुमला से चोरी करना बताया, जिसे जप्त कर थाना में लाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में निरीक्षक रविशंकर तिवारी द्वारा उक्त वाहन का इंजन,चेचिस नंबर के माध्यम से वाहन मालिक का नाम पता किया गया जो वाहन मालिक विकास कुमार सिंह निवासी गुमला का होना पता चला। प्रार्थी के द्वारा इस संबंध में थाना गुमला में दिनांक 25.11.2024 को मोटर सायकल चोरी करने का अप.क्र. 402 भा.न्या.सं. की धारा 303(2) का अपराध दर्ज कराया गया है। सिटी कोतवाली जषपुर द्वारा प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु गुमला पुलिस को सौंपा गया है।

दूसरे प्रकरण में थाना बागबहार द्वारा प्रार्थी गजेन्द्र कुमार पैंकरा निवासी बिच्छीटोली की पेमला नाटक कार्यक्रम से मोटर सायकल क्र. सी.जी. 14 एम.जी. 5155 के चोरी होने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण के आरोपी राजकुमार साय उम्र 38 साल निवासी भगोरा को चोरी किया हुआ मोटर सायकल से घूमते पाये जाने पर जप्त कर उक्त आरोपी को दिनांक 30.11.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

तीसरे प्रकरण में थाना तपकरा में दर्ज मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 25.11.2024 को प्रार्थी विशाल सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी तपकरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह दिनांक 20.11.2024 को रात्रि करीब 11.30 बजे तपकरा गांव के कुकुरडूबा में आयोजित मेला देखने अपने मोटर सायकल बजाज सी.टी. 100 क्रमांक सी.जी. 14 एम.क्यू. 0969 से गया था,जिसे मेला के बाहर जहाँ सभी मोटर सायकल व अन्य गाडियों खड़ी थी वहीं पर अपना मोटर सायकल को खड़ा कर मेला देखने गया था जो मेला देखने के बाद करीब एक घंटा बाद जब आकर देखा तो इसका मोटर सायकल को अज्ञात आरोपी ने चोरी कर लिया था। तपकरा में रात्रि गष्त के दौरान दिनांक 26.11.2024 को आरोपी इलियस बडा को संदिग्ध स्थिति में एच एफ डिलक्स मोटर सायकल क्र. सी.जी. 14 एम.पी. 8369 से तपकरा में घुमते मिला जिसे थाना लाकर कडाई से पूछताछ करने पर दिनांक 20.11.2024 को अपने साथी प्रेमानंद चैहान उर्फ मुनू निवासी रेगारडीपा थाना तपकरा एवं सुधीर मिंज के साथ तपकरा मेला से कुल 03 नग मोटर सायकल को चोरी करना बताया। आरोपी सुधीर मिंज के कब्जे से प्लेटिना मो. सा. सी.जी. 14 एमपी 9998 को जप्त कर दिनांक 30.11.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

इसके आलावा विगत दिनों थाना फरसाबहार द्वारा भी 03 आरोपियों देवनाथ साय पैंकरा, भजन यादव एवं देवव्रत साय से चोरी का 04 मोटर सायकल एवं 01 स्कूटी तथा थाना तपकरा द्वारा भी इलियास बड़ा सुबलया नवरंगपुर थाना सदर बनपाली जिला सुन्दरगढ़ (उडिसा) एवं प्रेमानंद चैहान उर्फ मुनू निवासी रेगारडीपा थाना तपकरा से 02 चोरी का मोटर सायकल को जप्त किया गया है।पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है कि- जिले के समस्त एसडीओपी एवं थाना/चैकी प्रभारियों को रात्रि गष्त अत्यंत प्रभावी करने के निर्देश दिये गये हैं, जिसका परिणाम आने लगा है।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी,जिला-अनूपपुर (म0प्र0)**

Phone/Fax No : 06758-E-mail cmobujuri@mpurban,gov.in

क्र0 4097/न0पा0/लो0नि0/2024 बिजुरी, दिनांक 19/11/2024

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2024_UAD_382537_1 | COSTRUCTION OF CULVERT IN KAPILDHARA BEHINED TO RKVV SCHOOL AT WARD NO.07 | 13.14 Lacs | 9856.00 | 2000.00 | 18-Dec-2024 (17:30 HRS) |
| 2 | 2024_UAD_382538_1 | COSTRUCTION OF CC ROAD IN AYODYHYA BASTI FROM SHRAMIK SADAN MARG AT WARD NO.07 | 29.69 Lacs | 22268.00 | 5000.00 | 18-Dec-2024 (17:30 HRS) |
| 3 | 2024_UAD_382539_1 | COSTRUCTION OF CC ROAD AND CULVERT IN MANISH PRAJAPATI HOUSE TO PANCHSEEL SCHOOL AT WARD NUMBER 08 | 04.12 Lacs | 4120.00 | 2000.00 | 04-Dec-2024 (17:30 HRS) |
| 4 | 2024_UAD_382541_1 | COSTRUCTION OF CC ROAD IN KENAPARA SHUKHLAL HOUSE TO GOMITI HOUSE AT WARD NUMBER 14 | 03.50 Lacs | 3507.00 | 2000.00 | 04-Dec-2024 (17:30 HRS) |
| 5 | 2024_UAD_382560_1 | COSTRUCTION OF CC ROAD IN LOHSARA THAKUR MEHARA HOUSE TO SHANKAR KEHAT HOUSE AT WARD NUMBER 14 | 07.63 Lacs | 7634.00 | 2000.00 | 04-Dec-2024 (17:30 HRS) |
| 6 | 2024_UAD_382561_1 | COSTRUCTION OF BT ROAD IN KURJA MANDIR MOHARTALA FROM RAMRATAN CHAUHAN HOUSE TO TERAPARA BAI HOUSE AT WARD NO.13 | 29.58 Lacs | 22190.00 | 5000.00 | 18-Dec-2024 (17:30 HRS) |
| 7 | 2024_UAD_382562_1 | COSTRUCTION OF BT ROAD FROM GANESH HOUSE TO FILTER PLANT TANK AT WARD NO.13 | 29.58 Lacs | 22190.00 | 5000.00 | 18-Dec-2024 (17:30 HRS) |
| 8 | 2024_UAD_382563_1 | COSTRUCTION OF CC ROAD IN LOHSARA FROM RAMLAL KEVAT HOUSE TO BIHARI KEVAT HAUSE AT WARD NUMBER 14 | 07.96 Lacs | 7965.00 | 2000.00 | 04-Dec-2024 (17:30 HRS) |

1. निविदा/प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब लाईट (mhttps:mpTenders,gov.in में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिल प्रस्तुतिकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद बिजुरी
जिला- अनूपपुर (म0प्र0)

CMYK

# आखिर कब तक लकड़ी माफिया अपनी बिना नंबर प्लेट की ट्रैक्टरों से कोरिया की हरियाली को नेस्तनाबूत करने हरे वृक्षों का अवैध परिवहन करते रहेंगे?

## बिना नम्बर की ट्रैक्टरों पर वह भी बेतरतीब और नियम विरुद्ध बने ट्रैक्टर के ट्रालियों वाले ट्रैक्टरों पर कार्यवाही क्यों नहीं करता परिवहन विभाग,यातायात विभाग?




घटती घटना | अम्बिकापुर, रविवार 24 नवम्बर 2024 | 6

राष्ट्रीय राज्यमार्ग के बिल्कुल किनारे लकड़ी का गोदाम बनाने की अनुमति किसने दी?



-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,01 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के जिला मुख्यालय से चंद किलोमीटर दूर कुछ ऐसा देखने को मिल रहा है जो पूरी व्यवस्था को ही चिढ़ा रहा है। मामला हरे भरे पेड़ो की कटाई कर उन्हें ढुलाई कर उक्त स्थान तक लाने और वहां से अन्य राज्य भेजे जाने से जुड़ा है जहां हरे पेड़ो के नाम पर कटाई यूकेलिप्टस की होनी बताई जताई जा रही है लेकिन यदि मौके पर जाकर देखा जाए तो वहां अन्य लकड़ियों की भी पेड़ो की भी कटाई कर उन्हें लाया जा रहा है और उन्हें भी यूकेलिप्टस के ही साथ अन्य राज्य भेजा जा रहा है। वैसे इस आशय की एक खबर प्रकाशित की भी गई थी लेकिन प्रशासन की कान में जू तक नहीं रेंगा और मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई और न ही इस मामले में प्रशासन के किसी अंग ने कुछ जांचने का ही प्रयास किया और इसके पीछे की वजह एक बड़े प्रशासनिक अधिकारी की मामले में

### क्या यातयात विभाग परिवहन विभाग भी इनके आगे नतमस्तक है क्या वह इनके मामले में सेट हैं?

सहमति बताई जा रही है।

इस मामले में जो हरे भरे पेड़ो की कटाई से जुड़ा मामला है जिसमे ज्यादातर तो यूकेलिप्टस के पेड़ काटे जा रहे हैं लेकिन साथ में अन्य भी पेड़ हरे भरे काटे जा रहे हैं उन्हें अन्य राज्य भेजने यहां जिला मुख्यालय से एकदम करीब सड़क किनारे रखकर बड़ी ट्रकों में लादकर भेजा जा रहा है में हरे पेड़ो को काटकर अन्य अन्य जगहों से लाने के दौरान भी काफी कुछ बड़ी गड़बड़ी दिखाई दे रही है जिसमे लकड़ी माफियाओं की दबंगई ऊनके ट्रैक्टरों से समझी जा सकती है जिनके न ही नंबर प्लेट ट्रैक्टरों में लगे हैं और ही ट्रैक्टरों के डाले ही नियमानुसार निर्मित या बने हैं। ट्रैक्टरों के डाले खुले हुए हैं और उनका आकार प्रकार भी नियम कायदों से अलग है वहीं उनमें अलग अलग जगह से इतनी इतनी लकड़ियां भरकर लाई जाती है कि वह यदि एक भी खिसक जाए या उनमें से एक भी चलने के दौरान लकड़ी फिसल जाए बड़ी दुर्घटना घट जाए सड़क पर वह भी राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर।

### लकड़ियों की कटाई क्या नियम से हो रही है?

एक तरफ लकड़ियों की कटाई क्या नियम से हो रही है क्या यूकेलिप्टस के अलावा कोई लकड़ी नहीं कट रही वहीं उसकी भी क्या कटाई की अनुमति ली जा रही है यही स्पष्ट नहीं है और जिम्मेदार विभाग खुली छूट दे रखे हैं माफियाओं को वहीं उनके ट्रैक्टरों को जो नियम कायदे तोड़ते चल रहे हैं वह भी फूल स्पीड उनको लेकर भी परिवहन विभाग और यातायात विभाग मौन है और ऐसा लग रहा है कि वह रिश्तेदारी निभा रहे है माफियाओं से।

### प्रकाशित की गई खबर उपरांत भी संज्ञान नही

वैसे पहले प्रकाशित की गई खबर उपरांत ऐसा लगा था कि जिला प्रशासन इस मामले में संज्ञान लेगा और जांच करके मामले में सच सामने लाएगा वहीं परिवहन विभाग और यातायात विभाग भी ट्रैक्टरों को कार्यवाही की जद में लेंगे भूमाफियाओं के ट्रैक्टरों को और उनसे क्षमता से अधिक भार लेकर वह भी बिना नंबर प्लेट की ट्रैक्टरों में साथ ही खुले डालो वाली ट्रैक्टरों में भार लेकर चलने मामले में जवाब लेगा कार्यवाही करेगा या कम से कम जुर्माना ही करेगा लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ बल्कि अब और अधिक मनमानी पर उतारू हैं लकड़ी माफिया और उनका मनोबल बढ़ा हुआ लग रहा है और उनकी काम की गति भी तेज हुई है कम होने की बजाए।।वैसे जिला प्रशासन, परिवहन विभाग, यातायात विभाग साथ अन्य जिम्मेदार विभाग एकसाथ मौन हैं और इसके पीछे की वजह प्रशासन से ही कहीं सहमति तो नहीं यही लोगों का कहना है वरना इतने बड़े पैमाने पर इस तरह लकड़ी का व्यापार कहीं नहीं होता वह भी सड़क किनारे जहां लकड़ियों से किसी की दुर्घटना भी संभावित है नहीं समाने देखने को मिलता।

# क्या ठगी के पैसे से खरीदी की गई लग्जरी कारें व बनाई गई आलीशान दुकान की होगी कुर्की-जब्ती!






### मेहनत की कमाई गवाने वाले ही कर रहे शिकायत...क्या दो नंबर की कमाई वाले के पास नहीं है शिकायत का आधार?

### अभी तक जो पुलिस को शिकायत मिली है उसमें 20 लाख तक की ठगी का शिकार होने वाले ही शिकायतकर्ता है...बड़ी पार्टियां अभी भी शिकायत करने से कतरा रही हैं,आखिर क्यों?

### क्या बड़ी पार्टियों के शिकायत न करने से अशफाक व उसके पिता को मिलेगी मदद?...बड़ी पार्टियों का सामने ना आना क्या अवैध पैसों का मामला माना जाए,क्या इसीलिए वह शिकायत से कतरा रहे हैं?

## पुलिस कर्मियों का भी है असफाक के पास पैसा निवेश,क्या पुलिस पहले पुलिसकर्मियों के पैसे की वापसी के प्रयास में?



-ओमकार पांडेय-
सुरजपुर,01 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।

असफाक उल्लाह को गिरफ्तार कर पुलिस ने अपनी इस आशय की उपयोगिता साबित कर दी की वह कानून व्यवस्था को लेकर सजग हैं और शिकायत प्राप्त होने पर वह कार्यवाही करने में विलंब नहीं करते और तत्काल शिकायत के आधार पर वह कार्यवाही करते हैं, लेकिन वहीं पुलिस की कार्यवाही के बाद यह प्रश्न भी खड़ा हुआ कि क्यों आखिर पुलिस ने पहले मामले में संज्ञान नहीं लिया? क्यों पहले से ही जब असफाक के विरुद्ध उसके चिटफंड व्यवसाय के विरुद्ध खबर प्रकाशित हो रही थी तभी कार्यवाही नहीं की पुलिस ने? क्यों पुलिस ने तब असफाक को नहीं रोका और रोककर क्यों नहीं सैकड़ों लोगों का करोड़ों रुपए डूबने से बचाया? वहीं तब पुलिस ने क्यों असफाक और उसके पिता की शिकायत को तवज्जो दिया और शिक़ायत पर पत्रकार को परेशान किया पूछताछ खबर को लेकर क्यों किया? जबकि पुलिस को असफाक और उसके पिता को ही रोकना था खबर के आधार पर संज्ञान लेकर। वैसे अब जो हो चुका है और जो ठगी बड़ी अब अंजाम दी जा चुकी है उसके बाद यह सवाल उठ रहा है कि अब जिन लोगों की गाढ़ी कमाई असफाक और उसके पिता ने डूबा दी है अपने ऐशोआराम के लिए वह पैसा अब उन्हें कैसे वापस होगा जिनकी जीवन भर की कमाई थी वह?

### क्या अब असफाक और उसके पिता की संपत्ति जो ठगी के पैसे से अर्जित की गई हैं वह नीलाम कुर्क होंगी?

क्या अब असफाक और उसके पिता की संपत्ति जिसमें उसकी महंगी गाड़ियां जिसमे विदेशी गाड़ियां भी हैं और देश की भी महंगी गाड़ियां हैं और उनका वह मकान दुकान जो काफी आलीशान बनाया गया है और वह अचल संपत्तियां जो पैतृक हैं या ठगी के पैसे से अर्जित की गई हैं वह नीलाम कुर्क होंगी? जिससे मिलने वाली रकम से लोगों का वह पैसा वापस मिल सके जो वह असफाक के पास निवेश तो दुगने की लालच में किए लेकिन अब वह डूब चुका है। वैसे अभी तक जितनी शिक़ायत मिली है उतनी शिकायतों के शिकायतकर्ताओं की राशि वापस हो सके इतनी संपत्ति असफाक के पास चल अचल है, अभी यह माना जा रहा है क्योंकि अभी तक की शिकायत अनुसार ठगी की राशि 3 से 4 करोड़ के बीच की समझ आ रही है वहीं अनुमान है कि ठगी 200 करोड़ से अधिक की है ओर ज्यादातर शिकायतकर्ता इसलिए शिकायत नहीं कर रहे हैं क्योंकि उनका पैसा एक नंबर का नहीं है या उनकी शिकायत के बाद उन्हें आयकर विभाग से खतरा है। वैसे यदि वास्तविक शिकायत जो अब तक प्राप्त शिकायत है वही है तो इतनी शिकायतों का भुगतान असफाक की चल संपत्तियों अचल संपत्तियों से की जा सकती है यह माना जा रहा है। अब देखना है कि पुलिस आगे क्या करती है या आगे असफाक और उसके पिता से कैसे वसूली होती है उनके लिए जिन्होंने रकम दुगने की लालच में असफाक के पास निवेश किया है।

### कई असफाक के पास सीधे निवेशक करने नहीं पहुंचते थे...

वैसे असफाक की महंगी गाड़ियां जिनमें देशी विदेशी गाड़ियां हैं वह कहां हैं यह भी बड़ा सवाल है वहीं इस पूरे मामले का एक पहलू और है वह यह की असफाक के पास सभी निवेशक सीधे पैसा निवेश करने नहीं पहुंचते थे कई बार या अधिकाशं बार असफाक के लिए काम करने वाले उसके गुर्गे जो ठगी के एक हिस्से के हकदार हुआ करते थे वही निवेशकों को आकर्षित करते थे उन्हें प्रलोभन देकर अपनी गाढ़ी कमाई असफाक के पास निवेश करने उकसाते थे यह बताया जा रहा है और वह भी इस कार्यवाही की जद में आएं और पुलिस उन्हें भी उठाए शिकायतकर्ताओं से पूछकर की उन्हे निवेश के लिए कौन प्रेरित किया प्रलोभन किसने दोगुने का दिया ऐसे में पुलिस ज्यादा से ज्यादा लोगों का नुकसान भरपाई करवा पाएगी और तभी ठगी के इस मामले में अधिकांश लोग अपनी गाढ़ी कमाई वापस पा सकेंगे। वैसे असफाक के गुर्गों की भी संपत्ति काफी बढ़ी है और उनके पास भी कुछ अंश है ऐसा मानकर ही पुलिस को जांच की दिशा तय करनी चाहिए ऐसा लोगों का मानना है।



### पुलिस कर्मी भी कुछ हैं निवेशक,क्या पहले वह अपने पैसे की वापसी के लिए प्रयास करेंगे?

असफाक के पास पैसा निवेश करने वाले कुछ पुलिसकर्मियों का भी पैसा दुगुना होने की लालच में फंसा है। क्या वह पहले अपना पैसा निकलवाने की कोशिश करेंगे फिर अन्य का पैसा वापसी का उनका प्रयास होगा यह भी सवाल है वहीं ऐसी बातें सुनी जा रही हैं। क्या रिमांड अवधि में ही पुलिस कर्मियों के निवेश का मामला सुलझ जाएगा और वह अपना पैसा वापस पाने में सफल हो जायेगे यह भी बड़ा सवाल है जिसकी चर्चा जारी है। वैसे यदि ऐसा कुछ हुआ तो अन्य निवेशक जो शिकायत करके अपने पैसे की वापसी की उम्मीद में हैं उनकी उम्मीद टूट जाएगी क्योंकि सभी का पैसा भरपाई कर सके अशफाक इतनी रकम उसने एशो आराम और अय्याशी के बाद बचा रखी है लगता नहीं है।

### बड़े निवेशक यदि नहीं आए सामने ,असफाक उसके पिता को मिलेगी मदद,जल्द जाएंगे वह जेल से छूट

वैसे माना जा रहा है कि यदि बड़े निवेशक सामने नहीं आयेगे तो अशफाक और उसके पिता के लिए यह राहत की बात होगी और वह जल्द कानूनी उलझनों से बरी हो जायेगे। बड़े निवेशकों के सामने आने के बाद ही कुल ठगी का सच सामने होगा और तभी यह तय होगा कि मामला कितना बड़ा है और तभी असफाक और उसके पिता को कानूनी दिक्कतें होंगी वरना वह बच निकलेंगे और 3 से 4 करोड़ वह भुगतान भी शायद कर ले जाएं और बड़े निवेशक फिर शिकायत कर भी कुछ नहीं पाएंगे दोनों से।


घटती घटना | अम्बिकापुर, शनिवार 30 नवम्बर 2024 | 6

सूरजपुर के महाठग अशफ़ाक व उनके पिता जरीफ गिरफ्तार

अशफाक 5 दिन के लिए पुलिस रिमाण्ड में...पिता जेल दाखिल

अब पुलिस अशफ़ाक के ठगी का करेगी सूक्ष्मता से जांच खुलेंगे कई राज

ठगी में जो जो होंगे शामिल सभी पर होगी कार्यवाहीः सूत्र

अशफाक सहित कई पर है एफआईआर दर्ज...बाकी की भी होगी गिरफ्तारी

तीन धोखाधड़ी के मामले में आरोपी पिता-पुत्र को सूरजपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

### असफाक के गुर्गों और सहयोगियों से भी होनी चाहिए पूछताछ,होनी चाहिए उनपर भी कार्यवाही

लोगों का कहना है की असफाक के पास निवेश करने के लिए प्रेरित करने का काम कुछ उसके गुर्गे करते थे और जो उसके ही रहमो कर्मों पर पलते भी थे। ऐसे लोग यह तलाशते थे दिनभर की कौन लालच में आकर या किसी मजबूरी की वजह से लालच में आकर अपनी गाढ़ी कमाई का जुआं खेल सकता है। ऐसे लोग एक तरह से असफाक के लिए गुर्गे का काम करते थे उसके लिए दलाली का काम करते थे वहीं वह ऐसे लोगों के साथ विश्वासघात करते थे जो उनपर काफी विश्वास करते थे और उनकी गाढ़ी कमाई वह असफाक के हवाले करते थे और फिर अपनी दलाली लेकर किनारे निकल लेते थे। ऐसे लोगों को दलालों को भी पुलिस को चिन्हांकित कर शिक़ायत करने वालों से पूछकर बुलाना चाहिए और उनसे भी वसूली का प्रयास कर ठगी के शिकार लोगों को पैसा लौटाना चाहिए।वैसे ऐसे दलालों ने सबसे ज्यादा विश्वासघात अपने ही सगे संबंधियों से दोस्तों से किया है और पैसा डूबना तय है यह जानते हुए भी लोगों को उकसाया परिचितों को नुकसान पहुंचाया।

### क्या केवल मेहनत की कमाई वाले ही बनेंगे शिकायतकर्ता,क्या बड़े दो नंबर वाले निवेशक रहेंगे मौन,क्या वह अपना निवेश जायेंगे भूल?

वैसे अब तक की शिक़ायत जो सामने आई है जिसके आधार पर असफाक और उसके पिता को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है एक को जेल दाखिल किया है एक को रिमांड में लिया है उसमे सभी मेहनत की कमाई वाले निवेशक हैं जिन्होंने अशफाक को अपनी गाढ़ी कमाई जीवन भर की कमाई सौंप दी थी दोगुने के लालच में। मेहनत की कमाई जीवन भर की कमाई डूबते देख उनसे रहा नहीं गया और उन्होंने पैसा वापसी की उम्मीद में शिकायत की है वहीं जो बड़े निवेशक बताए जा रहे हैं वह अपना पैसा दो नंबर का होने की वजह से वापस नहीं मांग पा रहे हैं और इसलिए मौन हैं । क्या वह अपना निवेश भूल जाएंगे अब यह भी सवाल खड़ा हो रहा है?

### शिकायतकर्ताओं में अब तक केवल छोटे रकम के ही शिकायतकर्ता,ठगी के बड़े शिकार हैं मौन,क्या है वजह?

असफाक और उसके पिता के द्वारा कुल ठगी 200 करोड़ से ज्यादा की की गई है ऐसा अनुमान है वहीं अब तक पुलिस के पास दर्ज शिकायतों को देखा जाए तो अभी कुल शिकायत 2 करोड़ के आसपास ही ठगी का है या कम का है। अब ऐसे में सवाल उठता है कि क्यों लोग शिकायत नहीं कर रहे हैं। वैसे असफाक के उसके पिता के ठगी के करोबार को करीब से जानने वाले बताते हैं कि ठगी 200 करोड़ से ज्यादा का है ऐसी अफवाह झूठी ही है ऐसा मानना गलती होगी बड़ी ,बड़े निवेशक शिकायत नहीं कर रहे हैं और वह अभी मौन हैं इसलिए ठगी का पूरा मामला 2 करोड़ या उससे कम के आसपास का समझ में आ रहा है। बड़े निवेशकों के सामने आते ही शिक़ायत अनुमान के करीब की होगी यह तय है ऐसा बताया जा रहा है। वैसे बड़े निवेशक जो ठगी के शिकार हुए हैं वह क्यों मौन हैं यह भी सवाल उठ रहा है और माना जा रहा है कि मामला इनकम टैक्स वाला है और यही भय बड़े निवेशकों को शिकायत से रोक रहा है। बड़े निवेशकों को यह असमंजस है कि वह कैसे शिक़ायत अपनी दर्ज करें जबकि वह अपनी रकम सीधे तौर पर नहीं बता सकते। कुल मिलाकर यहा कहा जाए कि बड़े निवेशक पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और कैसे उनका पैसा वापस मिले वह इस जुगत में भी लगे है।

**न्यायलय तहसीलदार /कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

आम जनता ग्रामवासी ग्राम पटना को सूचित किया जाता है कि श्री बीरबल आ.श्री देवसी जाति गोंड़ निवासी ग्राम पटना थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ. ग.) द्वारा अपने भाई रामफल पिता देवसी का मृत्यु दिनांक 05.02. 2012 (पांच फरवरी सन् दो हजार बारह) भाई रामफल आ. देवसी का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

जिस किसी आम जनता /ग्रामवासी को कोई आपत्ति /आक्षेप हो तो दिनांक 04.12.2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के पश्चात् कोई विचार नहीं किया जावेगा, अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी ।

आज दिनांक 11.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

सील

तहसीलदार कार्यपालिक /दण्डाधिकारी

### अशफाक उल्ला व पिता जरीफ उल्ला के गिरफ्तारी के बाद दनादन पहुंच रहे शिकायतकर्ता,ठगी होने की रकम चार करोड़ पार

# रिमांड के दूसरे दिन 25 शिकायतकर्ताओं से 2 करोड़ 26 लाख के ठगी की आई शिकायत

### सूरजपुर पुलिस अशफ़ाक उल्ला से ठगे हुए लोगों के लिए बनाया हेल्प डैक्स,ली जा रही है शिकायत

### ठगी के पैसे से ऐशो आराम करने वाले अशफ़ाक उल्ला एक चद्दर में काट रहे हैं रात

### 30 नवंबर को सूरजपुर थाने में अशफ़ाक उल्ला व उसके पिता सहित संबंधियों के विरुद्ध शिकायत करने पहुंचे 15 शिकायतकर्ता





-ओमकार पांडेय-
सूरजपुर,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

गिरफ्तारी के बाद लगातार अशफाक उल्ला व उसके पिता सहित अन्य के विरुद्ध शिकायतों का दौर जारी, पिछले दो दिनों में थाने में आई 40 शिकायतें,40 शिकायतों की ठगी वाली रकम पहुंची 3 करोड़ 32 लाख,अब तक थाने में दो दिनों में 3 करोड़ 32 लाख की ठगी की शिकायत आ चुकी, पिछले दो दिनों से लगातार शिकायतें जारी है, शिकायतकर्ता को देखते हुए सूरजपुर थाने में एक अलग ही हेल्प डेस्क बना दिया गया है, जहां पर ठगी के शिकार हुए लोग शिकायत दे रहे हैं और शिकायत दर्ज की जा रही है, पिछले दो दिनों में जो शिकायतें आई हैं उसके अनुसार ठगी की रकम तीन करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है अब देखना यह है कि रिमांड अवधि में और कितनी शिकायत आती हैं शिकायत करता हूं के लिए थाने में एक अलग ही टैक्स लगा दिया गया है शिकायतकर्ता रकम।



ज्ञात हो की सूरजपुर अशफाक उल्ला व उसके पिता जरीफुल्ला की पुलिस ने ठगी के मामले में गिरफ्तारी कर ली है, जिसके बाद अब शिकायतकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी है, अशफ़ाक उल्ला व उसके पिता की गिरफ्तारी 27 नवंबर को हुई थी और 30 नवंबर को कई सारे शिकायतकर्ता सूरजपुर थाने में आकर अशफाक उल्ला के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराने पहुचे, शिकायतकर्ताओं की शिकायत को देखकर सूरजपुर की पुलिस भी हक्का-बक्का रह गई, उन्हें भी यह उम्मीद नहीं थी कि इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद ऐसे शिकायतकर्ता थाने आएंगे और ठगी की शिकायत दर्ज करायंगे, पुलिस भी सभी शिकायतों को लेते गई और अब देखना यह है कि पुलिस सारे शिकायतों पर किस तरह से कार्रवाई करती है? वही अशफाक उल्ला पूरे मामले को लेकर रिमांड पर है और पुलिस भी इस मामले को गंभीरता से जांच कर रही है, शिकायतकर्ताओं की बढ़ती शिकायत के बाद पुलिस का सर दर्द और बढ़ गया है, पुलिस से कोई चूक ना हो जाए इसलिए पुलिस भी फूक फूक कर कदम उठा रही है, वहीं पुलिस भी समझ चुकी है कि यह मामला अब करोड़ों का हो चुका है। 30 नवंबर सूरजपुर पुलिस के लिए काफी अहम दिन माना जाएगा, क्योंकि जिस प्रकार से शिकायतकर्ता थाने में आकर अशफाक द्वारा किए गए धोखाधड़ी की व्यथा बता रहे थे पुलिस भी अपना माथा पकड़ बैठी थी कि आखिर इस 23 साल के लड़के ने कैसे इतने लोगों को ठगा है, दो दिनों में कुल 40 शिकायतकर्ताओं की शिकायत घटती घटना को लगी।


घटती घटना | कोरिया-सूरजपुर-समाचार | अम्बिकापुर, रविवार 01 दिसम्बर 2024 | 5

अशफ़ाक उल्ला की गिरफ्तारी के बाद शिकायतकर्ताओं की लगी लाइन

30 नवंबर को 15 लोगों कि आई ठगी की शिकायत जिसकी रकम है 1 करोड़ 6 लाख

अशफाक के विरूद्ध आज दिनांक 01.12.2024 को प्राप्त आवेदन

| क्रमांक | नाम पता आवेदक | राशि |
|---|---|---|
| 01 | मोती लाल पिता महिपत साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 10,00,000/- |
| 02 | रवि भूषण पिता रामलखन साहू साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 20,00,000/- |
| 03 | परि मोहम्मद पिता सलीम मुद्दीन साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 7,00,000/- |
| 04 | सेराफुद्दीन पिता स्व आजम अंसारी साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 11,50,000/- |
| 05 | राजेन्द्र कुमार साहू पिता भैयालाल साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 5,00,000/- |
| 06 | मनोज कुमार साहू पिता रामसागर साहू साकिन जूर थाना सूरजपुर | 5,00,000/- |
| 07 | मो. तसलीम पिता पीर मोहम्मद साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 8,00,000/- |
| 08 | देवेन्द्र गुप्ता पित रामप्रसाद साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 11,50,000/- |
| 09 | मो0 हारून पिता ईनायत करीम साकिन भवराही थाना सूरजपुर | 4,40,000/- |
| 10 | सैराजूल हक पिता आजम अंसारी साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 11,50,000/- |
| 11 | पीर मोहम्मद पिता सलीमुद्दीन साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 7,00,000/- |
| 12 | रवि भूषण पिता रामलखन साहू साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 21,50,000/- |
| 13 | विनोद कुमार पिता रामसुगम गुप्ता साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 8,00,000/- |
| 14 | मंजु लता गुप्ता पिता रामप्रसाद गुप्ता साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 10,00,000/- |
| 15 | लाल मोहम्मद पिता मुनिरउददीन साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 20,00,000/- |
| 16 | ओमप्रकाश पिता कल्लू राम साकिन शिवप्रसादनगर थाना सूरजपुर | 5,00,000 /- |
| 17 | मनेश्वर गुप्ता पिता मोती राम साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 1,30,000/- |
| 18 | राजकिशोर पिता सिंह हेश्वर साकिन पटना जिला कोरिया | 11,50,000/- |
| 19 | नरेन्द्र सिंह पिता कुंवर सिंह साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 1,00,000/- |
| 20 | उमेश्वर गुप्ता पिता परसोतम गुप्ता साकिन सोनपुर थाना सूरजपुर | 4,80,000/- |
| 21 | आरीफ खान पिता शहजाद खान साकिन पटना जिला कोरिया | 3,00,000/- |
| 22 | मकशुद खान पिता अब्दुल रशिद खान साकिन प्रतापपुर | 30,00,000/- |
| 23 | विजय कुमार राजवाडे पिता सुकुल राम साकिन उमेशपुर थाना सूरजपुर | 6,00,000/- |
| 24 | हेमन्त पिता ओमप्रकाश साकिन अम्बिकापुर जिला सूरजपुर | 3,00,000/- |
| 25 | लक्ष्मण प्रसाद पिता आलम साय साकिन शिवप्रसाद नगर चौकी बसदेई | 70,000/- |
| - | योग | 2,26,70,000 |

### रिमांड के दूसरे दिन 25 लोगों से 2 करोड़ 26 लाख की ठगी की आई शिकायत

असफाक उल्लाह की रिमांड पुलिस ने ली हुई है चार दिन की और इसी बीच 25 लोग शिकायत ठगी की लेकर पहुंचे पुलिस थाने। ठगी की कुल रकम 2 करोड़ 26 लाख बताई जा रही है। माना जा रहा है कि अभी शिकायत की कतार लगने वाली है। शिकायत की अंबार की सम्भावना है।

### अशफाक उल्लाह व पिता जरीफ उल्लाह की गिरफ्तारी के बाद दनादन पहुंच रहे शिकायतकर्ता ठगी की कुल रकम का आंकड़ा चार करोड़ पार

असफाक और उसके पिता जरीफ की ठगी मामले में गिरफ्तारी के बाद से ही शिकायतकर्ताओं का दनादन पुलिस थाना पहुंचना जारी है। अब ठगी का आकंड़ा चार करोड़ की रकम को पार कर गया है। पहले यह आंकड़ा एक से दो करोड़ का था। अभी और भी आंकड़ा बढ़ेगा यह सम्भावना है। पुलिस काफी मामले में सजग होकर काम करने का प्रयास कर रही है।

### सूरजपुर पुलिस ने अशफ़ाक उल्लाह से ठगे हुए लोगों के लिए बनाया अलग डैक्स,ली जा रही है शिकायत

सुरजपुर पुलिस को अब अंदाजा हो गया है कि मामला काफी बड़ा होने वाला है और ठगी के शिकारों की संख्या असंख्य होने वाली है। पुलिस ने बढ़ते शिकायतकर्ताओं की संख्या को देखते हुए शिकायत के लिए थाने में अलग डेस्क ही बना दिया है जहां केवल असफाक उल्लाह मामले की ही शिकायत ली जा रही है। एक ही दिन में 26 शिकायतकर्ता सामने आए हैं।

### ठगी के पैसे से ऐशो आराम करने वाले अशफ़ाक उल्लाह एक चद्दर में काट रहे हैं रात

असफाक उल्लाह की जीवन शैली ठगी के पैसे से काफी ऐशो आराम वाली हो गई थी वह महंगे होटलों में रुकता था और महंगे कपड़े पहनता था वहीं वह घर में भी वैसी ही सुविधा बनाकर रहता था। अब जबसे वह गिरफ्त में है तबसे वह एक कंबल में रात गुजार रहा है।

## आदिवासी समाज को अपने हक और अधिकार के लिए जमीनी स्तर पर लड़ाई लड़ना होगाः विजय सिंह



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई कोरिया की गठन 21 अक्टूबर 2024 को हुआ था, जिसका बैठक में सभी प्रभाग का विस्तारीकरण किया गया। समाज के संरक्षक डॉ. जी एस पैकरा ने बताया कि कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए सर्व आदिवासी समाज के बीच फूट डालने का प्रयास किया जा रहा है। इससे सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी स्थिति में समाज ना टूटे, न बटे। हम सभी को एक जुट रहना होगा।आगे जिलाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि हाल ही में जिले के सभी आदिम जाति मर्यादित सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष के पदों में अन्य वर्गों की नियुक्ति की गई, जो धारा 48 छत्तीसगढ़ सहकारी समिति अधिनियम 1960 का वॉयलेशन है। अनुसूचित क्षेत्रों जनजातियों में से ही सोसायटी में अध्यक्षों की नियुक्ति किए जाने का नियम है। इसका विरोध करना अति आवश्यक है।आदिवासी समाज को अपने हक और अधिकार के लिए जमीनी स्तर पर लड़ाई लड़ना होगा।बैठक में संरक्षक डॉ. जी एस पैकरा, जिला अध्यक्ष विजय सिंह, संरक्षक ज्ञानसाय कुजूर, ए.पत्रा, डॉ. आर एस चंदे,मोहित पैकरा,विश्वास भगत,रविंद्र सिंह,कमलेश एक्का, राकेश सिंह, प्रभु दान बखला, सुरेश एक्का, दीपक तिर्की,किशन टोप्पो, आशुतोष कुजूर, गुलशन कुमार, राकेश खाखा, उमेश, जितेंद्र पैकरा, जितेंद्र पैकरा, सुंदरलाल सिंह, हरिलाल सिंह, भगत सिंह, ब्रह्मानंद,सुरेश तिर्की आदि उपस्थित रहे।

# आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों को मिले अध्यक्ष,अब धान खरीदी में देंगे वह ध्यान

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर/पटना,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित सभी में अध्यक्षों का मनोनयन सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरिया द्वारा कर दिया गया। अब सहकारी समितियों के मनोनीत अध्यक्ष धान खरीदी में ध्यान देंगे और धान का शासन नीति अनुसार क्रय हो सके इस संबंध में उचित कार्यवाही भी करेंगे।

बता दें कि सहकारी समितियों के अध्यक्षों का चयन वैसे तो चुनाव के माध्यम से होता है लेकिन चुंकि धान खरीदी का समय हो जाने के कारण अध्यक्षों का मनोनयन करना पड़ गया है। जिले के सबसे बड़े समिति के लिए रविशंकर शर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है वहीं गिरजापुर के लिए लक्ष्मण राजवाड़े का मनोनयन हुआ है। इसी क्रम में धौरा टिकुरा के लिए पंजक गुप्ता मनोनीत किए गए हैं। रविशंकर शर्मा जिन्हें पटना समिति का अध्यक्ष बनाया गया है वह इस पद पर दूसरी बार मनोनीत हुए हैं ऐसा बताया जा रहा है। रविशंकर शर्मा ने बताया की वह शासन की



मंशानुरूप ही धान खरीदी केंद्र पटना में अपने पद दायित्व का निर्वाहन करेंगे। उन्होंने कहा कि वह किसानों को कोई समस्या न हो साथ ही किसानों को समय पर धान विक्रय का समर्थन मूल्य मिल सके इसका ध्यान रखेगे। वैसे रविशंकर शर्मा को पहले का भी अनुभव है वहीं वह किसानों से भी परिचित हैं जिनका पंजीयन है जिससे किसानों सहित समिति के बीच आपसी सामंजस्य बना रहेगा यह तय है। सहायक पंजीयक ने सभी समितियों के लिए लगभग ऐसे ही लोगों का चयन अध्यक्ष पद के लिए किया है जो कहीं न कहीं किसानों के लिए सहयोगी साबित हो सकें ऐसा रविशंकर शर्मा ने बताया और उन्होंने यह भी बताया कि शासन की धान खरीदी को लेकर जारी सभी दिशानिर्देश का पालन हर समिति में होगा यह अब तय है। आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में अध्यक्ष पद का चुनाव दो वर्षों से नहीं हुआ है पूर्व की कांग्रेस सरकार ने भी मनोनयन के माध्यम से अध्यक्ष की नियुक्ति की थी और तब उन लोगों का मनोनयन हुआ था जो अध्यक्ष पद पर आसीन थे और उनका कार्यकाल समाप्त हुआ था। अब वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में अध्यक्षों का मनोनयन पुनः हुआ है और अनुभव के आधार पर और क्षेत्र में जान पहचान के आधार पर भाजपा नेताओं का चयन इन पदों पर हुआ है।

## रासेयो के विशेष सात दिवसीय शिविर का हुआ शुभारंभ

-संवाददाता-
खड़गवां,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

आज दिनांक 01/12/2024 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवाडांड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन शा. प्रा . शा. पैनारी जिला एम सी बी छ. ग. में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मती रेणुका सिंह जी एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री मती सोनमतो उर्रे की मुख्य आतिथ्य में स्वामी विवेकानंद जी, राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर



किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत टीका वंदन, पुष्प अर्पण श्री फल अर्पण और रासेयो बैच लगाकर किया गया। शिविर नायक कु . रीता द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, निलेश कुमार द्वारा रासेयो का लक्ष्य पढ़ा गया, मनीष कुमार ने रासेयो का उद्देश्य प्रस्तुत किया। साधना, दिव्या, रोशनी और दुर्गा द्वारा रासेयो का लक्ष्य गीत गाया गया।इसके पश्चात शिविर संचालक श्री आर .के . विश्वकर्मा द्वारा शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शिविर में ली जाने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस उद्घाटन समारोह में ग्राम पंचायत पैनारी के सरपंच श्री नन्द कुमार सिंह जी , श्री राम लाल साहू जी, श्री सतेंद्र साहू जी शिविर में सम्मिलित 50 स्वयं सेवक तथा कुछ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कृषक उन्नति योजनाः धनादास के मनोबल में हुई वृद्धि

-संवाददाता-
कोरबा,01 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

खेती के लिए बहुत ज्यादा जमीन नहीं होने के बावजूद किसान धनादास अपने खेत में धान बो लेते हैं और इसे उपार्जन केंद्र ले जाकर बेच देते हैं। उन्हें मालूम है कि पिछले साल भी जब उन्होंने अपनी खेत में लगी धान को बेचा था तब समर्थन मूल्य की राशि के अलावा जो अंतर की राशि थी वह एकमुश्त खाते में आ गई थी। उन्हें प्रति क्विंटल 3100 रूपये की दर से धान का लाभ मिला था। इसके अलावा दो साल का बकाया बोनस की राशि भी उन्हें मिली थी। धनाराम को खुशी है कि इस बार भी उन्हें अपनी मेहनत का पूरा मूल्य मिलेगा। करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम बैगापाली के किसान धनादास ने बताया कि उनके पास लगभग एक एकड़ की जमीन है, जिस पर धान की फसल बोता है। अभी धान की कटाई में व्यस्त किसान धनादास ने बताया कि विगत वर्ष भी उन्होंने अपना धान बेचा था, धान बेचने की गई व्यवस्था पहले की अपेक्षा बहुत बदल गई है और सुविधाजनक हो गई है। धान का समर्थन मूल्य मिलने के साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अतिरिक्त राशि दी जाती है। हमें खुशी है कि हम किसानों को एक क्विंटल धान की कीमत 3100 रूपए मिलती है, जो कि अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक है। किसान धनाराम ने बताया कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसानों के कल्याण की दिशा में काम कर रही है। कृषक उन्नति की दिशा में उठाए गए कदम से किसानों को राहत मिल रही है और किसान भी खुश है।

## खेल की संक्षिप्त खबरें

### इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड



**क्राइस्टचर्च,01 दिसंबर 2024।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने हेगले ओवल में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड की 8 विकेट की जीत के साथ टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया।रूट ने अपनी 22 रन की तेज पारी के दौरान चौथी पारी में तेंदुलकर के 1,625 रनों के आंकड़े को पार किया, जिससे इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वर्तमान में उनके नाम टेस्ट मैचों की चौथी पारी में बनाए गए 1,630 रन हैं।

### इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन



**नई दिल्ली,01 दिसंबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को यह जानकारी दी।

# टीम इंडिया ने जीता पिंक बॉल मैच

### ये खिलाड़ी रहे जीत के हीरो

**एडीलेड,01 दिसंबर 2024।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले मुकाबले को टीम इंडिया ने 295 रनों से जीता था। इस सीरीज में भारतीय टीम अभी 1-0 से आगे चल रही है। अगला मुकाबला एडिलेड में खेला जाना है। यह मैच डे-नाइट फॉर्मेट में पिंक बॉल से खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए टीम इंडिया तैयारी कर रही है। पिंक बॉल टेस्ट में अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के प्राइम मिनिस्टर इलेवन के खिलाफ दो दिनों का प्रैक्टिस मैच खेला। जहां भारतीय टीम ने मिनिस्टर इलेवन को एकतरफा अंदाज में हरा दिया। टीम इंडिया ने इस मुकाबले को 6 विकेट से जीता।

### कैसा रहा मैच का हाल

भारत बनाम मिनिस्टर इलेवन के बीच खेले गए प्रैक्टिस मैच का पहला दिन बारिश के कारण धुल गया था। जिसके कारण दूसरे दिन कुछ नए नियमों के साथ मुकाबला खेला गया। जहां दोनों टीमों को 46-46 ओवर बल्लेबाजी करने का मौका मिला। जो भी टीम सबसे ज्यादा रन बनाती उसे जीत मिल जाती।



भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने इस मुकाबले में टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जिसके बाद प्राइम मिनिस्टर इलेवन की टीम पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरी। उनकी टीम 43.2 ओवर में 240 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।

इसके बाद भारतीय टीम बल्लेबाजी करने के लिए उतरी। टीम इंडिया ने पूरे 46 ओवर तक बल्लेबाजी की और उन्होंने 5 विकेट खोकर 257 रन बनाए। भारत का स्कोर ऑस्ट्रेलिया से ज्यादा था। जिसके कारण टीम इंडिया को इस मुकाबले का विनर घोषित कर दिया गया। भारत ने इसी के साथ मैच के बाद ट्रॉफी अपने भी जीत लिया। टीम इंडिया 06 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट मैच खेलेगी।

### ये खिलाड़ी रहे जीत के हीरो

टीम इंडिया की जीत में दो खिलाड़ियों का काफी अहम रोल रहा। ये दो खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि शुभमन गिल और हर्षित राणा हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने इस मुकाबले में काफी कमाल का प्रदर्शन किया। मैच की पहली पारी में हर्षित राणा की गेंदबाजी काफी कमाल की थी। राणा ने मैच की पहली पारी में 6 ओवर में 44 रन देकर 4 अगम विकेट झटके। इसके बाद मैच की दूसरी पारी में शुभमन ने मैच की दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा। गिल ने इस मैच में 62 गेंदों पर 50 रन बनाए। दूसरी ओर जायसवाल ने भी 45 रनों की पारी खेली। इन खिलाड़ियों के 06 दिसंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच में काफी उम्मीदें होंगी।

## जय शाह ने चैंपियंस ट्रॉफी पर फैसले से पहले संभाली आईसीसी की कुर्सी

**दुबई, 01 दिसंबर 2024।** आईसीसी के चेयरमैन के रूप में रविवार को अपना कार्यकाल शुरू करने जा रहे जय शाह ने ओलंपिक में खेल की उपस्थिति का लाभ उठाने और दुनिया भर में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए अपने दृष्टिकोण की रूपरेखा पेश की है। उन्हें 27 अगस्त, 2024 को आईसीसी का नया चेयरमैन चुना गया था। अब तक जय शाह बीसीसीआई के सचिव के रूप में काम कर रहे थे। वह आईसीसी का चेयरमैन बनने वाले 5वें भारतीय हैं। 36 वर्षीय शाह को ग्रेग बार्कले की जगह लेने के लिए निर्विरोध आईसीसी का नया चेयरमैन चुना गया, जो नवंबर 2020 से इस पद पर हैं। वह इस प्रतिष्ठित पद को संभालने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बन गए हैं। वह जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर के बाद आईसीसी चेयरमैन बनने वाले पांचवें भारतीय हैं।



आईसीसी की ओर से जारी एक बयान में शाह ने कहा, मैं आईसीसी अध्यक्ष की भूमिका निभाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आईसीसी निदेशकों और सदस्य बोर्डों के समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। यह खेल के लिए एक रोमांचक समय है क्योंकि हम लॉस एंजिल्स 28 ओलंपिक खेलों की तैयारी कर रहे हैं और दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए क्रिकेट को अधिक समावेशी और आकर्षक बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, हम कई प्रारूपों के सह-अस्तित्व और महिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता के साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। क्रिकेट में वैश्विक स्तर पर अपार संभावनाएं हैं। मैं इन अवसरों का लाभ उठाने और खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

क्रिकेट प्रशासन में शाह का सफर 2009 में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन से शुरू हुआ। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के विकास की देखरेख की।

2019 में वह बीसीसीआई के सचिव बनते हुए उन्होंने इस पद को संभालने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति का ओहदा हासिल किया। उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और आईसीसी की वित्त और अन्य कुछ मामलों की समिति के अध्यक्ष के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। बीसीसीआई में अपने कार्यकाल के दौरान शाह ने रिकॉर्ड तोड़ आईपीएल मीडिया अधिकार डील, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के निर्माण, बेंगलुरु में एक नए अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना और उद्घाटन तथा टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना की देखरेख की। शाह ने कहा, मैं पिछले चार वर्षों में ग्रेग बार्कले की भूमिका के लिए उनके नेतृत्व और उस अवधि के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों के लिए उनका भी आभार व्यक्त करना चाहूंगा। मैं आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं, ताकि वैश्विक स्तर पर खेल की पहुंच और विकास का विस्तार हो सके।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे बेन स्टोक्स

**क्राइस्टचर्च,01 दिसंबर 2024।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वह रविवार को हेगले ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।



स्टोक्स पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।टिम साउदी को गेंदबाजी करते हुए बेन स्टोक्स को अपना ओवर थोड़ी परेशानी के कारण बीच में ही छोड़ना पड़ा। उनकी जगह गस एटकिंसन को ओवर खत्म करने के लिए गेंद दी गई। इसके बाद उन्होंने गेंदबाजी नहीं की, हालांकि उन्होंने मैदान पर बने रहने का फैसला किया। इंग्लैंड ने चौथे दिन 104 रनों का पीछा करते हुए यह मैच जीत लिया। मुझे लगता है कि इस मैच के लिए शरीर फिट रहेगा और मैं वेलिंगटन के लिए खेलने के लिए बेताब हूं।

## आईसीसी बैठक में भी चैंपियंस ट्रॉफ़ी के आयोजन को लेकर नहीं बनी बात

**दुबई,01 दिसंबर 2024।** शुक्रवार को हुई ऑनलाइन आईसीसी बैठक के बावजूद चैंपियंस ट्रॉफ़ी के आयोजन पर अंतिम निर्णय नहीं हो सका। इस बीच, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक़वी दुबई में मौजूद थे और पाकिस्तान की अंडर-19 टीम की भारत पर जीत पर चर्चा कर रहे थे। सभी की निगाहें इस पर टिकी थीं कि पीसीबी, बीसीसीआई और आईसीसी अगले साल के टूर्नामेंट पर कोई सहमति बना पाएंगे या नहीं।

जैसा कि उन्होंने गुरुवार सुबह कहा था, नक़वी ने टूर्नामेंट की मेज़बानी के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्पष्ट रूप से खारिज नहीं किया। उन्होंने अपने पहले के बयान को ही दोहराया। दुबई में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, हम वही करेंगे जो क्रिकेट के लिए सबसे अच्छा होगा। यदि हम कोई दूसरा फ़ॉर्मूला अपनाते हैं (पाकिस्तान में टूर्नामेंट की




मेज़बानी छोड़कर), तो यह समानता के आधार पर होगा। पाकिस्तान के लिए सबसे अहम उसका सम्मान है, बाक़ी सभी चीज़ें इसके बाद आती हैं।

इस तरह की व्यवस्था कैसी दिखेगी, यह अब भी अनिश्चित है। समानता पर नक़वी की लगातार की गई टिप्पणियों से अटकलें तेज़ हो गई हैं कि पीसीबी हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने के बदले में कुछ रियायतें हासिल करना चाहेगा। इसमें एक संभावना यह हो सकती है कि भारत को अपने मैच पाकिस्तान से बाहर खेलने पर सहमति जतानी पड़े, जबकि एक अन्य समझौता यह हो सकता है कि भविष्य में भारत में आयोजित किसी भी टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान अपने मैच भारत के बाहर खेले। इसके अलावा, पीसीबी के लिए वित्तीय मुआवज़े की संभावना भी चर्चा में है। हालांकि, नक़वी ने सप्ताह की शुरुआत में यह स्पष्ट किया था कि निर्णय आर्थिक लाभ के आधार पर नहीं लिए जाएंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि अगले कुछ दिनों में इस मामले पर निर्णय लिया जा सकता है, हालांकि नक़वी की टिप्पणियों से यह स्पष्ट होता है कि अब भी कई अहम मुद्दे हैं जिन्हें हल किया जाना बाकी है।




### मेलबर्न रेनेगेड्स ने महिला बिग बैश लीग 2024 का खिताब जीता

**मेलबर्न,01 दिसंबर 2024।** मेलबर्न रेनेगेड्स ने रविवार को प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ब्रिसबेन हीट को 7 रनों से हराकर महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के 2024 संस्करण का खिताब जीता। यह हेली मैथ्यूज का ऑल-राउंड प्रदर्शन था जिसने रेनेगेड्स को अपना पहला डब्ल्यूबीबीएल खिताब जीतने में मदद की।

## आईपीएल के बाद खुद को दूसरे नंबर की लीग के रूप में स्थापित कर रहा है एसए20

**मुंबई,01 दिसंबर 2024।** एसए20 के आयुक्त ग्रीम स्मिथ का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका का यह घरेलू टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टी20 प्रतियोगिता के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है। एसए 20 का आयोजन पहले दो सत्र में अंतरराष्टीय कार्यक्रम के साथ ही किया गया था लेकिन इस बार यह लीग नए साल में होने वाले टेस्ट मैच के तुरंत बाद आयोजित की जाएगी ताकि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय टीम में शामिल खिलाड़ी भी इसमें भाग ले सकें। प्रतियोगिता के तीसरे सत्र में भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी



भाग लेंगे। वह इसमें खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे।स्मिथ ने एसए20 इंडिया डे पर पत्रकारों से कहा,''यह कहना सही नहीं लगता कि आप दुनिया की दूसरे नंबर की लीग बनना चाहते हैं लेकिन सच्चाई यही है कि आईपीएल का कोई जवाब नहीं है। वह अविश्वसनीय टूर्नामेंट है जिसने क्रिकेट के परिदृश्य में बदलाव में अहम भूमिका निभाई है।'' उन्होंने कहा,''हम भाग्यशाली हैं कि हमने आईपीएल की छह फ्रेंचाइजी को अपनी तरफ आकर्षित किया। हमने एसए20 को आगे बढ़ाने के लिएबीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ मिलकर काम किया। हमें उनसे काफी कुछ सीखने को मिला।''



## जब राज कुमार के आगे फेल हो गया एवेंजर के इस शक्तिशाली सुपरहीरो का जलवा

थानोस के नाम से तो आज की जनरेशन बिलकुल अनजान नहीं है और अगर फिल्म लवर हैं तो राजकुमार का नाम भी जाना पहचाना होगा। वह जो अपने मूडी नेचर की वजह से पूरी फिल्म इंड्स्ट्री में बहुत फेमस रहे हैं। जिनके किस्से आज भी मशहूर हैं कि किस तरह राज कुमार अपने तरीके से काम करते थे और अपने अंदाज के लिए जाने जाते थे। उनकी डायलॉग अदायगी की कॉपी और उनके वन लाइनर डायलॉग्स आज भी दर्शकों की पहली पसंद हैं।अब जरा सोचिए कि यही राज कुमार अगर थेनोस से मिलेंगे तो क्या होगा। थेनोस की ताकत हावी होगी या राज कुमार का स्वैग उस पर भारी पड़ेगा।

इंस्टाग्राम पर आरडीएक्स घोस्ट नाम के अकाउंट से ये मजेदार वीडियो बना कर पोस्ट किया गया है। इस वीडियो में आपको थानोस दिखेगा जो अपने हाथ में पहने डिवाइस को काम न करता देख परेशान दिख रहा है। वो चुटकी बजाता है लेकिन कुछ नहीं होता। एवेंजर मूवी देखी हो तो शायद आप सामने आयरन मैन यानी कि टॉनी स्टार्क को इमेजिन करेंगे। लेकिन इस वीडियो को बनाने वाले ने राज कुमार की मूवी का वीडियो लगाया है। जब थेनोस का डिवाइस काम नहीं करता तो राज कुमार कहते हैं फ्यूज कंडक्टर निकाल लिए हैं गेंडा स्वामी फ्यूज कंडेक्टर और उसके बाद थानोस हैरानी से अपने हाथ की तरफ देखता है।

इस वीडियो को देखने के बाद थानोस और राजकुमार दोनों के फैन्स वाकई एक ऐसी फिल्म देखने के लिए बेताब हैं। वीडियो देख एक फैन ने लिखा कि ऐसी ही एक इंडियन क्लासिक एवेंजर बननी चाहिए। एक फैन ने लिखा कि वाकई राज कुमार होते तो नजारा मजेदार होता। एक फैन ने लिखा कि इस वीडियो को देखने के बाद थानोस भी इंडिया आने से पहले दस बार सोचेगा। आपको बता दें एवेंजर वाला सीन एंड गेम मूवी का है और राज कुमार वाला सीन तिरंगा मूवी का है।

## फिल्म इंडस्ट्री के सितारे कह रहे हैं सलाम...पुलिस

जेलर उन फिल्मों में से एक है जो हाल ही में रजनीकांत के करियर की सबसे हिट फिल्मों में से एक बन गई है। नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित और रजनीकांत अभिनीत यह फिल्म 2023 में रिलीज हुई और ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इस फिल्म में रजनीकांत प्रमुख दृश्यों में एक पूर्व पुलिस अधिकारी और कुछ दृश्यों में पुलिस की ड्रेस पहने जेलर के रूप में पर्दे पर दिखाई दिए। इस फिल्म के सीक्वल के तौर पर जेलर 2 बनाई जाएगी। नेल्सन दिलीप कुमार ने स्क्रिप्ट का काम पहले ही पूरा कर लिया है। खबर है कि जेलर 2 के लिए रजनीकांत का लुक टेस्ट भी हो चुका है। 12 दिसंबर को रजनीकांत के जन्मदिन के मौके पर कॉलीवुड में चर्चा है कि जेलर के सीक्वल को अपडेट किया जा सकता है।

इसके अलावा...वे जेलर के सीक्वल के लिए हुकुम शीर्षक पर विचार कर रहे हैं। जेलर के गाने हुकुम को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इसलिए, अगर इस गाने को सीक्वल के शीर्षक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, तो फिल्म दर्शकों तक बेहतर तरीके से पहुंचेगी और टीम को लगता है कि हुकुम शीर्षक सभी भाषाओं के लिए उपयुक्त है। ऐसा लगता है कि इस फिल्म के 2025 में कलानिधि मारन द्वारा निर्मित होने की संभावना है। वेंकटेश ने सुपर पुलिस, सूर्या आईपीएस, कोलाओ जैसी फिल्मों में एक गंभीर पुलिस अधिकारी के रूप में प्रभावित किया है। वेंकी ने फिल्म बाबू बंगाराम में कॉमिक टाइमिंग के साथ एक पुलिसकर्मी की भूमिका निभाई। लेकिन वे पहली बार एक पारिवारिक पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगे (वेब सीरीज द फैमिली मैन में मनोज बाजपेयी की भूमिका के समान...) वेंकटेश फिल्म संक्रांति अकनायम में एक पूर्व पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगे। मालूम हो कि वेंकी इस फिल्म के कुछ दृश्यों में ऑन-ड्यूटी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगे अनिल रविपुडी द्वारा निर्देशित इस फिल्म का



निर्माण दिल राजू और शिरीष ने किया है। फिल्म 14 जनवरी को रिलीज होगी।

प्रभास जैसा हीरो अगर पुलिस ऑफिसर के तौर पर पर्दे पर दिखे तो दर्शकों को काफी मजा आएगा। प्रभास ने अर्जुन रेड्डी, एनिमल जैसी फिल्में कर चुके संदीप रेड्डी वांगा के हाथों उन्हें पुलिस ऑफिसर के तौर पर पर्दे पर दिखाने का मौका दिया। स्पिरिट नाम की इस अपकमिंग फिल्म की शूटिंग जनवरी में शुरू होगी। इस फिल्म में प्रभास पहली बार पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं। भूषण कुमार द्वारा भद्रकाली पिक्चर्स और टी सीरीज में निर्मित यह फिल्म 2025 में रिलीज होगी।

मालूम हो कि हिट- द थर्ड केस सुपरहिट फ्रेंचाइजी हिट से आ रही है। इस फिल्म में नानी पुलिस ऑफिसर अर्जुन सरकार का रोल निभा रहे हैं हिट फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों का निर्माण करने वाले नानी हिट 3 में नायक के रूप में काम कर रहे हैं और निर्माण कर रहे हैं। प्रशांति थिपिरनेनी की हिट 3 1 मई, 2025 को नानी वॉलपोस्टर सिनेमा और यूनिनस प्रोडक्शंस के बैनर तले रिलीज होने वाली है।

नायक विश्वक सेन को कई बार पर्दे पर बंदूक थामे देखा गया है। लेकिन असली पुलिस अधिकारी के रूप में नहीं... लेकिन फिल्म बंदूक (प्रचार में शीर्षक) के लिए, विश्वक सेन ने खाकी पोशाक पहनी और एक पुलिस अधिकारी के रूप में बंदूक उठाई। श्रीधर गंटा इस पुलिस एक्शन ड्रामा का निर्देशन कर रहे हैं। इस फिल्म में संपदा नायिका हैं। सुधाकर चेरुकुरी द्वारा निर्मित यह फिल्म 2025 में रिलीज होगी।

नायक आदि साईकुमार हाल के दिनों में पुलिस अधिकारी की भूमिकाओं के लिए अधिक जुनून दिखा रहे हैं। आदि साईकुमार इस फिल्म में एसआई युगांधर के रूप में एक नए चरित्र के साथ एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसमें मेघा लेखा नायिका की भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म यशवंत द्वारा निर्देशित और प्रदीप जुलुरु द्वारा निर्मित है और 2025 में रिलीज होगी। नायक त्रिगुण (अरुण आदित) एक हत्या के रहस्य को सुलझाने में शामिल है। त्रिगुण को पर्दे पर एक पुलिस अधिकारी के रूप में इस मामले को सुलझाने में एक महत्वपूर्ण मोड़ मिला। यह क्या है...टर्निंग एंट एक जरूर देखी जाने वाली फिल्म है। कुहान नायडू द्वारा निर्देशित इस फिल्म की नायिकाएं हेब्बा पटेल, ईशा चावला और वर्षिनी हैं। सुरेश दत्ती द्वारा निर्मित। कुछ अन्य नायक हैं जो इस तरह पुलिस अधिकारी की भूमिका में अभिनय करते हैं।

## अनुष्का सेन ने स्टाइलिश गाउन पहन इंटरनेट पर बरपाया कहर

टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका हॉट लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।अनुष्का सेन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने बेहद ही कम उम्र में लोगों के बीच अपनी अच्छी खासी पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर का बेहद ही स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बालों का बन बांधकर, लाइट मेकअप और गले में नेकलेस पहनकर एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अनुष्का सेन की इन फोटोज में आप देख सकते हैं वो अपने परफेक्ट कवर्स फ्लॉन्ट करती हुई कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज दे रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक करते हैं।अनुष्का सेन जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर अंदाज में कहर ढाती हैं।



CMYK

# बीजेपी सरकार का बड़ा फैसला

» भूपेश बघेल के सबसे बड़े फैसले को पलटने की तैयारी में बीजेपी सरकार...

» कैबिनेट की मंजूरी के बाद बदल जाएगा नियम...

» प्रत्यक्ष प्रणाली से हो सकता है मेयर का चुनाव...

» भूपेश बघेल के फैसले को पलटने की तैयारी...

» भूपेश बघेल की सरकार ने बदला था नियम...

» कैबिनेट बैठक में पेश हो सकता है अध्यादेश

**रायपुर,01 दिसम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार पूर्व सीएम भूपेश बघेल का एक बड़ा फैसला बदलने की तैयारी कर रही है।



## पहले कैबिनेट में पेश होगा अध्यादेश

सूत्रों का कहना है कि सरकार ने भूपेश बघेल के फैसले को पलटने के लिए अध्यादेश तैयार कर लिया है। वहीं, दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने भी अपनी सर्वे रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। इन दोनों को अगली कैबिनेट बैठक में रखा जा सकता है। कैबिनेट बैठक में मंजूरी मिलने के बाद इसे राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा। राजपत्र में प्रकाशित होते ही महापौर, पार्षद और नगर पलिका अध्यक्ष के लिए लॉटरी से आरक्षण किया जाएगा।जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने निकाय चुनावों में महापौर, अध्यक्ष और पार्षद के आरक्षण में 25 सीलिंग को हटाने की अनुशंसा की है। इसके बाद माना जा रहा है कि कुछ इलाके में ओबीसी की सीटें बढ़ सकती हैं तो कुछ जगह पर घट सकती है। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के के निर्देश के अनुसार, 50 फीसदी से अधिक आरक्षण की रिपोर्ट तैयार नहीं की है।

## भूपेश बघेल ने पलटा था फैसला

छत्तीसगढ़ के गठन के बाद राज्य में मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष तौर पर होता था। जनता वोटिंग के जरिए मेयर का चुनाव करती थी। 2018 में राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी थी। तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने इस फैसले को पलट दिया था। उसके बाद राज्य में मेयर के चुनाव अप्रत्यक्ष तरीके से हुए थे। अब बीजेपी सरकार, भूपेश बघेल के इसी फैसले को पलटने की तैयारी कर रही है।

## क्या कहना है डेप्युटी सीएम का



डेप्युटी सीएम अरुण साव ने निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि यह सरकार विषय है। उस पर बहुत जल्दी निर्णय आएगा क्योंकि चुनाव की तैयारी अंतिम चरण पर है। सरकार की कोशिश है कि समय पर चुनाव हो उसकी तैयारी जोर-जोर से चल रही है।

## कितने नगर निगम

छत्तीसगढ़ में कुल निकाय 189 हैं। इनमें से 123 नगर पंचायत हैं, 14 नगर निगम और 52 नगर पालिका परिषद हैं। बता दें कि सरकार की कोशिश है राज्य में नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव एक साथ हों।

भूपेश बघेल सरकार का निर्णय बदलने के लिए अध्यादेश तैयार हो गया है। सूत्रों का दावा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की अगली कैबिनेट बैठक में अध्यादेश को पेश किया जा सकता है। यह अध्यादेश मेयर और नगर पालिका के अध्यक्षों को लेकर है। राज्य में अभी मेयर और नगर पालिका के अध्यक्षों का चुनाव अप्रत्यक्ष तरीके से हो रहा। सरकार, अब इन चुनावों को प्रत्यक्ष तरीके से कराने की तैयारी कर रही है।

# 6 जिलों में एसीबी की छापेमारी

» जीआरपी सिपाही और लेखा अधिकारी निशाने पर

**रायपुर,01 दिसम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो ने आज एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए राज्य के छह जिलों में एक साथ छापेमारी की। इस छापेमारी में गांजा तस्करी से जुड़े तीन जीआरपी सिपाही और रिश्वत लेते हुए एक सहायक लेखा अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। एसीबी ने इस ऑपरेशन के लिए रायपुर और बिलासपुर में आधा दर्जन से अधिक टीमों का गठन किया था। रविवार की सुबह और बारिश के कारण लोग अनजाने में दरवाजे की बेल सुनकर चौंक गए। जब उन्होंने दरवाजा खोला, तो उनके सामने एसीबी के अधिकारी और पुलिसकर्मी खड़े थे।




### गांजा तस्करी में लिप्त जीआरपी सिपाही

बिलासपुर जिले में एसीबी ने गांजा तस्करी में लिप्त तीन जीआरपी सिपाहियों–मन्नू प्रजापति, संतोष कुमार राठौर और लक्ष्मण गाइन– के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच शुरू की। एसीबी ने रायपुर और बिलासपुर की 6 टीमों के साथ इन आरोपियों के घरों और ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान लाखों रुपये के आभूषण, संपत्ति के दस्तावेज, बैंक अकाउंट और निवेश से संबंधित कागजात बरामद किए गए हैं। इन दस्तावेजों की जांच जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### रिश्वत लेते लेखा अधिकारी पर कार्रवाई

इसी बीच, 12 सितंबर को एसीबी की रायपुर टीम ने जनपद पंचायत बोड़ला, जिला कवर्धा के सहायक लेखा अधिकारी नरेंद्र कुमार राउतकर को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया था। जांच में पाया गया कि राउतकर ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। इसके बाद, उसके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में अपराध दर्ज किया गया। एसीबी ने कवर्धा और राजनांदगांव जिलों में उसके ठिकानों पर छापेमारी की, जहां से आरोपी और उसकी पत्नी के नाम पर कई एकड़ ज़मीन, प्लॉट, मकान और बैंक अकाउंट से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए हैं। इन दस्तावेजों की जांच भी जारी है।

### कानूनी कार्रवाई जारी

एसीबी के अधिकारियों के अनुसार, यह छापेमारी राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है। एसीबी का कहना है कि यह कार्रवाई राज्य के नागरिकों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके संघर्ष को मजबूत करती है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### आज होगी मंत्री परिषद की बैठक



**रायपुर,01 दिसम्बर 2024(ए)।**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 2 दिसंबर को मंत्रिपरिषद की बैठक आहूत की गई है। यह बैठक अपरान्ह 03 बजे से नया रायपुर महानदी मंत्रालय भवन में होगी।

### ट्रक के नीचे आने से युवक की मौत



**रायपुर,01 दिसम्बर 2024(ए)।** राजधानी रायपुर में आज दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार युवक ट्रक के नीचे आकर अपनी जान गंवा बैठा। हादसा संतोषी नगर रोड पर हुआ। मामला न्यू राजेंद्रनगर थाना इलाके का है।जानकारी के अनुसार, युवक अपनी बाइक पर जा रहा था, तभी संतोषी नगर रोड पर अचानक ट्रक के सामने आ गया। ट्रक चालक ने ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन बाइक सवार युवक ट्रक के नीचे आ गया और घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई।स्थानीय लोग और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद न्यू राजेंद्रनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीण की गला घोंटकर की हत्या



**बीजापुर,01 दिसम्बर 2024(ए)।** एक बार फिर नक्सलियों की कायराना करतूत सामने आई है, जिसमें पुलिस मुखबिरी के शक में एक ग्रामीण की गला घोंटकर हत्या कर दी. पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है जानकारी के अनुसार, भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम डालेर निवासी कुम्मेश कुंजाम की देर रात माओवादियों ने गला घोंट कर हत्या कर दी. उसके बाद शव को चिहका - टिंडोडी मार्ग पर फेंक दिए. घटनास्थल से भैरमगढ़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा बरामद हुआ है, जिसमें मृत ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया गया है.

# प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने साय सरकार की बड़ी पहल

» चार संभागों में 83 नए चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति

**रायपुर,01 दिसम्बर 2024(ए)।** राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति प्रदान करते हुए पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं.प्रदेश के रायपुर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 31 चिकित्सा अधिकारियों, बिलासपुर संभाग में 22 चिकित्सा अधिकारियों, सरगुजा संभाग में 03 चिकित्सा अधिकारियों के साथ दुर्ग संभाग में 27 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं. इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है. नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा.



### चिकित्सकों की सूची

रायपुर संभाग के लिए चिकित्सा अधिकारी (संविदा) के जारी आदेश में डॉ शुभम विश्वकर्मा, डॉ प्रिदम्बिनी नायक, डॉ तोयेष चंद्राकर, डॉ स्मृति इंगोले, डॉ साहिल कुमार, डॉ मिलनदीप कौर, डॉ देवांग शाह, डॉ नीलम जायसवाल, डॉ चंद्र शेखर जायसवाल, डॉ वाय. मुनमुन, डॉ यशवंत सोनी, डॉ दीक्षा थवाईत, डॉ ऋम्भरा शर्मा, डॉ वैशाली चौरसिया, डॉ यूसुफ उस्मानी, डॉ एम शिवानी राव, डॉ निशा पैकरा, डॉ शिखा शुक्ला, डॉ सोनाली अवधिया, डॉ सुब्रनिल घोष, डॉ सचिन अग्रवाल, डॉ अम्मूनाथ अनमोल पांडेय, डॉ प्रशांत कुमार पांडेय, डॉ अदिबा खान, डॉ श्रेया मुखर्जी, डॉ एशिनी अग्रवाल, डॉ प्रीति खालखो, डॉ विकास सिंह, डॉ विपिन कुमार सिंह, डॉ संग्राम येरेवार, डॉ मयंक शर्मा.

बिलासपुर संभाग के लिए डॉ सावी शुक्ला, डॉ सोनाली प्रकाश, डॉ धनंजय कुमार निर्मलकर, डॉ विवेक पटेल, डॉ कृष्ण कुमार कुम्भकार, डॉ अदिति सिंह, डॉ नीलमणी सिंह, डॉ जोन कुजूर, डॉ पूजा सिंह, डॉ निशि निर्मलकर, डॉ प्रफुल्लता कंवर, डॉ अमीशा टेकाम, डॉ पूर्णिमा कंवर, डॉ दिव्या अंकित रोहलेदार, डॉ अनुभूति नंद, डॉ अदिति मारिया लाकरा, डॉ रितीशा वेरोनिका थॉमस,डॉ प्रियंका सिंह पैकरा, डॉ संदीप पटेल, डॉ ज्योत्सना गुप्ता, डॉ स्मृति रानी लकड़ा, डॉ त्रिलोक जागीतानाथ हिमधर. दुर्ग संभाग के लिए डॉ कृति ठाकुर, डॉ दामिनी नाग, डॉ शशांक बारले, डॉ प्रिया चन्दानन, डॉ श्रीयम शुक्ला, डॉ सुदीप्ता पाल, डॉ संध्या कंवर, डॉ सौरीन चटर्जी, डॉ सुधांशु शेखर सेनापति, डॉ नवेद मालिक, डॉ सुलेखा विंध्यराज, डॉ मोनिका मरकाम, डॉ हितेश प्रसाद पात्रे, डॉ अंजलि आर जोसेफ, डॉ प्रणय दत्ता, डॉ मोहम्मद असहर खान, डॉ पलक मेश्राम, डॉ रुपाली सिंह, डॉ राजेश्वर प्रसाद हेटली, डॉ अवधेश सिदार, डॉ प्रतीक साहू, डॉ प्रियंका गेन्ड्रे, डॉ मोहम्मद अरशद अंसार, डॉ सैयद ताजिश अली, डॉ अकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ योगिता पांडरे, डॉ भाविका टंडन के साथ सरगुजा संभाग के लिए डॉ भोजमनियां, डॉ प्रेमा कुजूर और डॉ अभिषेक नामदेव को विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है.



# बीजेपी नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

» नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए नियुक्त किए गए संयोजक...

**रायपुर,01 दिसम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ भाजपा की दो दिवसीय संगठन बैठक के दौरान नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी को नगरीय निकाय चुनाव और पूर्व विधायक सौरभ सिंह को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया है। यह जानकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने दी भूपेंद्र सवन्नी और सौरभ सिंह की नियुक्ति को लेकर मीडिया से चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी संगठन के महापर्व की शुरुआत हो चुकी है और आगामी चुनावों के लिए रणनीतियाँ तैयार की जा रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यह बैठकें संगठन की मजबूती और चुनावी तैयारियों के मद्देनजर आयोजित की गई हैं। किरण सिंह देव ने कहा कि पिछले दो दिनों में हुई बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सदस्यता अभियान के लक्ष्यों को पार कर लिया गया है और संगठन की वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने सदस्यता अभियान में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सभी कार्यकर्ताओं की सराहना की और कहा कि पार्टी के सभी जिलों और मंडलों में कार्यकर्ताओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व से मार्गदर्शन प्राप्त होने के बाद भाजपा संगठन को आगामी चुनावों के लिए पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने का विश्वास है।

# 246 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू




**रायपुर,01 दिसम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा 2024 के तहत 246 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऑनलाइन आवेदन 1 दिसंबर 2024 से शुरू हो चुके हैं और आवेदन की अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2024 है। प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी, जबकि मुख्य परीक्षा जून 2025 में होगी। इस भर्ती में आबकारी उप निरीक्षक के सबसे ज्यादा 90 पद शामिल हैं, और डीएसपी के लिए 21 पद हैं, पिछली बार डीएसपी के लिए पद नहीं थे। मुय परीक्षा जून में होगी।

वहीं, राज्य सेवा परीक्षा 2024 की मुय परीक्षा में इस बार कुछ बदलाव की संभावना है। सीजीपीएससी पिछले कई वर्षों से संविधान दिवस पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर रहा है। 246 पदों में सामान्य के 96, अजा के 34, अजजा के 85 और अपिव के 31 पद शामिल हैं। सीजीपीएससी की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.पीएससी.सीजी.जीओ० ही.आईएन पर जाकर अभ्यर्थी अपने आवेदन 1 दिसंबर दोपहर 12 बजे से 30 दिसंबर रात्रि 11.59 बजे तक भर सकते हैं।

### निम्न पदों पर होगी भर्ती

उप जिलाध्यक्ष 7
उप पुलिस अधीक्षक 21
वित्त अधिकारी 7
जिला आबकारी अधिकारी 2
सहायक संचालक वित्त 3
सहायक संचालक (पंचायत) 1
सहायक संचालक (जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी) 2
सहायक संचालक (समाज कल्याण विभाग) 7
मुख्य कार्यपालक अधिकारी जनपद पंचायत 3
बाल विकास परियोजन अधिकारी 6
लेखा सेवा अधिकारी 32
नायब तहसीलदार 10
राज्य कर निरीक्षक 37
आबकारी उप निरीक्षक 90
उप पंजीयक 6
सहकारी निरीक्षक/सहकारिता विस्तार 5
सहायक जेल अधीक्षक 7

# बिलासपुर, जगदलपुर व अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए 23 करोड़ 64 लाख रुपए की मंजूरी

**रायपुर,01 दिसम्बर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए वित्त विभाग ने 23.64 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इससे एयरपोर्ट के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा से संबंधित कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इन कार्यों की स्वीकृति से राज्य के एयरपोर्टों का उन्नयन और विकास प्रभावी व सुव्यवस्थित तरीके से हो सकेगा। इससे विमानन सेवाएं बेहतर होंगी और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। वित्त विभाग ने बिलासपुर एयरपोर्ट में एप्रन विस्तार और लाइटिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 96 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। एप्रन विस्तार कार्य के तहत एयरपोर्ट के उड़ान पट्टी के आसपास के क्षेत्र को बढ़ाया जाएगा, जिससे विमानों की पार्किंग और संचालन में सहूलियत होगी। इसके साथ ही, एयरपोर्ट के लाइटिंग सिस्टम का उन्नयन किया जाएगा, ताकि रात के समय विमान संचालन को सुरक्षित एवं प्रभावी बनाया जा सके। जगदलपुर एयरपोर्ट के लिए एयरस्ट्रिप सुधार के लिए 20.40 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। इससे एयरपोर्ट की सुरक्षा और संचालन क्षमता में वृद्धि होगी। आइसोलेशन बे का निर्माण विमान को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित खड़ा रखने के लिए किया जाता है, जबकि सड़क का चौड़ीकरण यातायात में सुगमता लाएगा। वायर फेंसिंग से एयरपोर्ट के चारों ओर सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इसी तरह अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए 27.92 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि एयरपोर्ट के बुनियादी ढांचे और संचालन क्षमता में सुधार लाने के लिए उपयोग की जाएगी।



## राइस मिल में भीषण आग से लाखों का नुकसान

**रायगढ़,01 दिसम्बर 2024 (ए)।** रायगढ़ के जूटमिल थाना क्षेत्र में स्थित कृष्णा सॉल्वेंट राइस मिल में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग की लपटें देख आसपास के लोग घबराए और तुरंत घटना की सूचना स्थानीय दमकल विभाग को दी। जैसे ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, उन्होंने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



घटना में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल, घटना स्थल पर जूटमिल पुलिस की टीम भी मौजूद है और स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है। शुरुआती जांच के अनुसार, आग लगने का कारण अज्ञात है, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच जारी है।

राइस मिल में लगी इस भीषण आग ने इलाके के व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में चिंता की लहर पैदा कर दी है। नुकसान के आकलन के बाद मिल के मालिक और स्थानीय प्रशासन द्वारा भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए जरूरी कदम उठाने की योजना बनाई जा रही है।

## बिलाईगढ़ जिला के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के गोरबा स्कूल में आया फर्जी अंकसूची का मामला

### मामले को दबाने के कोशिश में जिम्मेदार.

**बिलाईगढ़01 दिसम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा विभाग का जगह जगह नए नए कारनामे के कारण जाना जाता है ऐसा ही एक कारनामा सारंगढ-बिलाईगढ़ जिला के बिलाईगढ़ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के द्वारा शिकायत को दबाने का किआ जा रहा है प्रयास । आपको बता दें की बिलाईगढ़ शिक्षा अधिकारी के कारण शिकायकर्ता को भटकने पर मजबूर कर दिया है शिकायत कर्ता ने फहले सूचना का अधिकार लगाकर शा.पूर्व माध्यमिक शाला गोरबा के प्रभारी व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से परीक्षा फल पंजी ले लिया। उसके बाद तस्ञ्ज विभाग रायपुर में कार्यरत कर्मी किशोर कुमार के मार्कशीट से उनका रोलनम्बर मिलान किया गया तो हैरान करने वाली बात सामने आया है, हैरान करने वाली बात यह है कि जिस मार्कशीट के बदौलत वह नौकरी में लगा है वही मार्कशीट ही फर्जी निकला ।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)